नई सोच, नया आयाम

जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 319 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, गुरुवार 14 सितंबर 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

पेज -7 पर

ग्राम पंचायतों में लंबित निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये- विश्वदीप

प्रदेशभर के शिक्षक आचार संहिता को लेकर हुये चिंचित

पेज -8 पर

आखिर क्षेत्र की जनता क्यों देगी विधायक लालजीत सिंह राठिया को वोट ?

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।

भारत लोकतांत्रिक देश है जहां सरकार की चाबी जनता के पास होती है। यदि कोई सरकार जनहित के कार्य से भटक जाती है तो उसे चुनाव में जनता सबक सिखा देती है। छत्तीसगढ़ में भी कुछ माह बाद विधानसभा का चुनाव होने वाला है। जहां कांग्रेस की सरकार चल रही है। वहीं धरमजयगढ़ विधानसभा में भी कांग्रेस पार्टी से लालजीत सिंह राठिया विधायक हैं। पहले छत्तीसगढ़ में भाजपा की पंद्रह वर्षों तक सरकार रही है। जिसमें से दो बार धरमजयगढ़ में भाजपा के ओमप्रकाश राठिया विधायक रहे हैं। तीसरी बार जनता उन्हें नकार दीए और कांग्रेस पार्टी की जीत हुई। पिछले चुनाव में भी पूरे प्रदेश में कांग्रेस की लहर चली और लालजीत सिंह राठिया को जनता ने दोबारा चुनकर विधानसभा पहुंचाया। अब नवंबर माह में फि र विधानसभा का चुनाव होने वाला है। जिसमें जनता की दरबार में फि र सभी पार्टी के नेता अपनी अपनी गुणगान कर गुहार लगाएंगे। जनता किस मुद्दे पर किसे वोट देगी ये तो समय ही बताएगा। लेकिन वर्तमान विधायक लालजीत सिंह राठिया को क्षेत्र की जनता आखिर क्यों वोट देगी ये बड़ा सवाल है?

क्या क्षेत्र में सड़कों की हालत अच्छी है?

धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र की मुख्य सड़कों का हाल विधायक लालजीत सिंह को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने में अहम भूमिका रही है। लोगों को आस थी कि कांग्रेस के राज में क्षेत्र को अच्छी सड़क मिलेगी। लेकिन यहां के सड़कों का हाल राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है। क्योंकि धरमजयगढ़ से होकर कई राज्यों के लिए यात्री आवागमन करते हैं। जिन्हें धरमजयगढ़ हमेशा याद रहेगा। धरमजयगढ़ क्षेत्र में किसी भी मुख्य मार्ग की बात करें तो सभी की हालत बदतर है। मुख्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव ने आमसभा में बरसात से पहले चमचमाती सड़क देने की बात कही थी। वह

बात भी टांय टांय फि स हो गई। सड़क को लेकर विद्यार्थी, किसान, व्यापारी सभी वर्ग के लोग परेशान हैं। खराब सड़क के कारण रिश्तेदारों का आना कम हो गया है। कई प्रमुख बस या तो बंद हो गए या अपना रूट बदल लिए हैं।

उच्च शिक्षा के लिए कालेजों में शुरू नहीं हुआ पीजी

धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र बहुत पिछड़ा एवं वनांचल क्षेत्र है। जहां उच्च शिक्षा की व्यवस्था नहीं होने से बच्चों को पढ़ाई के लिए बड़े शहरों में जाना पड़ता था। विधायक लालजीत सिंह राठिया के पिता स्वर्गीय चनेशराम राठिया 27 वर्षों तक विधायक रहे। मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे, लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। इस दौरान क्षेत्र में एक भी शासकीय महाविद्यालय नहीं खुल सका। भाजपा विधायक स्वर्गीय ओमप्रकाश राठिया के प्रयास से धरमजयगढ़ एवं घरघोड़ा मुख्यालय में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना हुई। जिससे क्षेत्र आदिवासी सहित सभी वर्ग के विद्यार्थियों को इसका लाभ मिला। लेकिन विगत कुछ वर्षों से कालेजों में पीजी कोर्स स्वीकृत करने की मांग की जा रही है। जो अभी तक स्वीकृत नहीं हो सका। विधायक राठिया इन सभी मुद्दे को सुलझाने में नकाम साबित हुए।

स्वास्थ सुविधा में भी अभी भी धरमजयगढ़ पीछे

इक्कीसवीं सदी में भी धरमजयगढ़ व घरघोड़ा में स्वास्थ्य सुविधा में कोई बदलाव नहीं आया है। विधायक एवं मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा जरूर की गई है लेकिन अभी तक उस पर कोई अमल होता नहीं दिख रहा है। धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल में एक भी विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है। छोटी-छोटी बीमारी के लिए रिफर कर दिया जाता है। वनांचल क्षेत्र में ज्यादातर लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले हैं। जिनके पास निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए व्यवस्था नहीं होती है। जिन्हें कांग्रेस सरकार में धरमजयगढ़ में चिकित्सा सुविधा में सुधार की आस थी वह भी अधूरा दिख रहा है।

भ्रष्टाचार एवं अवैध वसूली का खेल भी खूब फला फूला

छत्तीसगढ़ के भ्रष्ट कुछ बड़े अधिकारी एवं नेता ईडी की रडार पर हैं। वहीं चंद जेल की हवा खा रहे हैं। बड़े स्तर पर हुए भ्रष्टाचार की हवा नीचे स्तर तक खूब फ ला फू ला है। छोटी-छोटी कार्यों के लिए चढ़ावा चढ़ाया जाता है। जिनके बिना लोगों का काम नहीं बनता है।

ये पब्लिक है सब जनती है

अब आप खुद सोच सकते हैं कि विधायक लालजीत सिंह राठिया को जनता फिर से वोट देकर क्यों विधानसभा भेजेगी। विधायक राठिया के लगभग 10 साल के कार्यकाल में क्षेत्र में विकास के नाम पर सिर्फ क्षेत्रवासियों को छला गया है। विधायक महोदय अपने विधानसभा का विकास छोड़ सीतापुर विधानसभा का विकास करने में लगे रहे, और भूल गये कि सीतापुर के नहीं धरमजयगढ़ विधानसभा के जनता ने चुनकर विधानसभा भेजे हैं। क्षेत्र की जनता अब समझने लगे हैं किसको वोट देना है किसको नहीं, जो खुद का नहीं क्षेत्र का विकास करेगा क्षेत्र की जनता उसी को वोट देगा। चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है, नेताओं को पता चल जायेगा क्षेत्रवासियों के साथ छल करने का अंजाम क्या होता है।

कॉलोनाइजर एक्ट में छत्तीसगढ़ सरकार ने किया बड़ा बदलाव

बीपीएल व ईडब्ल्यूएस के लिए भूमि-भवन आरक्षण में संशोधन

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने कॉलोनाइजर एक्ट में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत सरकार ने आर्थिक रुप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) और गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) जीवनयापन करने वालों के लिए आरक्षित किए जाने वाले जमीन और मकान के मापदंड में बदलाव किया है। कॉलोनाइनजर एक ट में किए गए इस बदलाव को लेकर सरकार ने अधिसूचना भी जारी कर दी है।

छत्तीसगढ़ राजपत्र

हड़ताल समाप्ति के बाद छत्तीसगढ़ हेल्थ फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

हड़ताल समाप्ति के बाद छत्तीसगढ़ हेल्थ फेडरेशन

रायपुर। छत्तीसगढ़ हेल्थ फेडरेशन द्वारा 21 अगस्त से जारी प्रांतव्यापी हड़ताल की समाप्ति के बाद उनके प्रतिनिधिमंडल ने आज देर शाम मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की।

छत्तीसगढ़ हेल्थ फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने इस दौरान अवगत कराया कि राज्य में मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा कर्मचारी हित में लिए जा रहे निरंतर फैसलों और जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए फेडरेशन द्वारा जारी हड़ताल स्थगित करने की घोषणा की गई है।

सीएम भूपेश बघेल इस बार प्रधानमंत्री की रायगढ़ एयर स्ट्रिप पर नही करेंगे अगुवानी

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल छत्तीसगढ़ के दौरे पर आ रहे हैं। वे रायगढ़ के कोंडाताई में आयोजित कई कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इसके बाद वे आम सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की अगुवानी के साथ ही उनके सरकारी कार्यक्रमों में हिस्सा लेना राज्यपाल और मुख्यमंत्री का प्रोटोकाल में आता है। मगर कई बार अपरिहार्य कारणों से ऐसा नहीं हो पाता है। पता चला है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का 14 सितंबर को पहले से कई तय कार्यक्रम हैं लिहाजा वे रायगढ़ नहीं जा रहे हैं। मुख्यमंत्री की जगह पर मंत्री टीएस

सिंहदेव प्रधानमंत्री की अगुवानी करेंगे। हालांकि, इससे पहले भी 2020 के बजट सत्र के दौरान प्रधानमंत्री उड़ीसा जाते समय रायपुर एयरपोर्ट पर रुके थे। उस समय मुख्यमंत्री विधानसभा में थे। उनकी जगह पर दो मंत्रियों को प्रधानमंत्री का स्वागत करने एयरपोर्ट भेजा गया था।

2 आईजी, 3 डीआईजी समेत 15 आईपीएस संभालेंगे पीएम मोदी की सुरक्षा

एडीजी प्रदीप गुप्ता होंगे पीएम विजिट के नोडल अधिकारी

रायपुर। प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी 14 सितंबर को रायगढ़ आ रहे हैं। वे सरकार और पार्टी के कार्यक्रम को मिलाकर करीब दो घंटे रायगढ़ में रहेंगे। पीएम मोदी का 14 सितंबर को मध्यप्रदेश के साथ ही छत्तीसगढ़ का दौरा है। फर्स्ट हाफ में वे भोपाल में रहेंगे। वहां से भारतीय वायु सेना के विशेष विमान से दोपहर दो बजे रायगढ़ के जिंदल हवाई पट्टी पहुंचेंगे। वहां स्वागत की औपचारिकता के बाद वे हेलिकाप्टर से कोंडातराई जाएंगे। 2.15 बजे वे

कोंडातराई पहुंचेंगे। वहां ढाई बजे से लेकर तीन बजे तक सरकारी कार्यक्रम है। कोंडातराई में दो मंच बन रहा है। एक पर सरकारी कार्यक्रम होंगे। दूसरे पर आम सभा होगी। सरकारी कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी 3 बजे से 4 बजे तक पब्लिक मीटिंग को संबोधित करेंगे। आम सभा के तुंरत बाद वे रायगढ़ रवाना हो जाएंगे।

2723 शिक्षकों को बड़ी राहत

हाई कोर्ट ने शिक्षकों की पोस्टिंग बरकरार रखने का दिया आदेश, शिक्षकों को मिली बड़ी राहत

बिलासपुर। बिलासपुर हाई कोर्ट ने शिक्षकों की पोस्टिंग निरस्त मामले में बड़ी राहत देते हुए 4 सितंबर के डेट से यथास्थिति रखने का आदेश दिया है। याने सरकार ने जिन 2723 शिक्षकों की पोस्टिंग निरस्त की थी, वे सभी अब उसी स्कूल में बने रहेंगे। हालांकि, 11 सितंबर को हाई कोर्ट ने यथास्थिति रखने का आदेश दिया था। इससे भ्रम की स्थिति बन गई थी कि शिक्षक किधर ज्वाईन करेंगे। वकीलों का कहना है, आज कोर्ट ने साफ कर दिया सरकार का जवाब

आते तक सभी शिक्षक उसी स्कूल में बने रहेंगे। हालांकि, अभी आर्डर अपलोड नहीं हुआ है, इसलिए कोई भी खुलकर इस पर बात नहीं कर रहा है। मगर हाई कोर्ट के गलियारों में इस पर चर्चा है। क्योंकि, लॉजिकल भी यही है। आखिर जब सरकार ने शिक्षकों को एकतरफा कार्यमुक्त कर दिया है और कोर्ट ने यथास्थिति तो शिक्षकों की स्थिति अधर में लटकने जैसी हो गई है। इसके साथ कई सारी पेचीदगिया भी आएगी। शिक्षक स्कूलों से अनुपस्थित रहेंगे तो उनकी सेलरी कैसे मिलेगी। नो वर्क, नो सेलरी के बेस पर या तो तनख्वाह कटेगी या फिर उन्हें एबसेंट करार दिया जाएगा या फिर उनकी अनुपस्थिति को छुट्टी में समंजित करनी पड़ेगी। शिक्षकों के स्कूल न जाने से पढ़ाई प्रभावित होगी सो अलग।

राष्ट्रपति ने आयुष्मान भव अभियान का किया शुभारंभ

उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने वर्चुअली जुड़कर राज्य स्तर पर की अभियान की शुरुआत

रायपुर। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज गांधीनगर से 'आयुष्मान भव' अभियान का शुभारंभ किया। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने अंबिकापुर से शुभारंभ कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़कर राज्य में इस अभियान की शुरुआत की। देश के हर गांव और शहर तक स्वास्थ्य सेवाओं की अधिकतम कवरेज प्रदान करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। आयुष्मान भव

अभियान के अंतर्गत आगामी 17 सितम्बर से आयुष्मान आपके द्वार 3.0 के तहत पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जाएगा। आयुष्मान मेलों के रूप में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविरों का आयोजन कर स्वैच्छिक रक्तदान से जुड़ी जानकारी प्रदान की जाएगी।

लोगों को स्वैच्छिक अंगदान के लिए जानकारी देने के साथ ही इसके लिए प्रतिज्ञा भी करवाई जाएगी। अभियान के तहत 2 अक्टूबर से ग्राम एवं वार्ड स्तर पर आयुष्मान सभा आयोजित कर स्वास्थ्य देखभाल योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाई जाएगी।उप मुख्यमंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने राज्य में 'आयुष्मान भव' योजना का शुभारंभ करते हुए सभी स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने को कहा।

रायपुर में हुई भारी बारिश

मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज और येलो अलर्ट, राजधानी के कई हिस्सों में जलभराव

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मानसून पर से ब्रेक हट गया है। राजधानी रायपुर में बुधवार की शाम गरज-चमक के साथ भारी बारिश हुई। मौसम विभाग ने प्रदेश में बारिश को लेकर ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी कर दिया है।

मौसम विभाग ने कुछ हिस्सों में बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने का अंदेशा जताया है। आरेंज अलर्ट में प्रदेश के

गरियाबंद, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा और सुकमा जिले शामिल हैं। इन जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इसके अलावा जशपुर, बलरामपुर, रायगढ़, रायपुर, धमतरी, महासमुंद, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, राजनांदगांव, कांकेर, नारायणपुर, बीजापुर जिले में येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

ट्रेनों को रद्द किए जाने के विरोध में कांग्रेस का रेल रोको आंदोलन

बिलासपुर। त्योहार के अवसर पर ट्रेनों को रद्द किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी की ओर से आज प्रदेश स्तर पर रेल रोको आंदोलन किया जा रहा है. बिलासपुर से लेकर महासमुंद तक कांग्रेस पार्टी के नेता-कार्यकर्ता रेलगाड़ियों को रोककर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं.

बिलासपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी की अगुवाई में दर्जनों प्रदर्शनकारियों ने करग़ी रोड कोटा रेलवे स्टेशन में सुबह अप और डाउन दोनों लाइन पर मालगाड़ियों को रोका गया. पटरी में लेटकर रेलवे और केंद्र सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी करते हुए रेलवे को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों

पटरी पर लेट नारेबाजी कर कांग्रेसियों ने किया गुस्से का इजहार

का विरोध किया गया.

इसी तरह महासमुंद में कांग्रेसी कार्यकर्ता ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन बघेल के नेतृत्व महासमुंद रेलवे स्टेशन में रेल रोको आंदोलन के लिए पहुंचे. आरपीएफ व छत्तीसगढ़ पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मेन गेट पर ही रोक दिया, जिसके बाद कांग्रेसी कार्यकर्ता मेन गेट पर ही नारेबाजी कर रहे हैं।

मिट्टी के बैल, पोरा और चक्कि यां है खास

छत्तीसगढ़ के सबसे लोकप्रिय पर्व पोला के लिए सजा बाजार

रायपुर। छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध पारंपरिक लोक पर्व पोला तिहार आज मनाया जाएगा. भाद्रपद मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला यह त्यौहार, निंदाई कोड़ाई पूरा होने के साथ फसलों के बढ़ने की खुशी में मनाया जाता है.

रायपुर में आसपास के गांवों से आए खिलौनों से बाजार सज गया है. बाजार में दर्जनों कुम्हार विभिन्न प्रकार के खिलौन लेकर पहुंचे हैं. इस पर्व पर मिट्टी से बने बैल की पूजा अर्चना की जाती है. मिट्टी से बने बैल के साथ पोला-जाता के खिलौने की भी पूजा की जाती है. बाजार में पर्व के चलते लोगों ने खरीदारी शुरू कर दी है. छत्तीसगढ़ के अलावा, बैल पोला त्योहार महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्यों में उत्साहपूर्वक मनाया जाता है।

छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान प्रदेश माना जाता है इसलिए यह पर्व यहां खास तौर पर मनाने की पुरानी परंपरा है. पोला पर्व पर किसान अपने बैलों को नहला धुलाकर सजा-संवार कर पूजा अर्चना पश्चात? गांव के बाहर मैदान में लाते हैं. जहां बैलों की दौड़ होती है। ग्रामीण अंचलों के कई स्थानों पर यह परंपरा आज भी जीवित है.

सज चुकी है दुकानें

पोला त्यौहार पर मिट्टी के बैल और खिलौने लोगों के आकर्षण का केंद्र होते हैं. इसलिए शहर की प्रमुख बाजारों में और सड़कों के किनारे मिट्टी के बैल और खिलौनों की दुकानें सज चुकी है. इस त्यौहार पर बच्चों द्वारा खेले जाने वाले मिट्टी के बैल और लड़कियों के लिए मिट्टी के बने रसोई के सेट और पोरा और चक्कियां खास होते हैं।

घरों में ठेठरी, खुरमी, गुड़-चीला, गुलगुल भजिया जैसे पकवान तैयार किए जाते हैं. गुड़हा, चीला, अनरसा, सोहारी, चैसेला, ठेठरी, खुरमी, बरा, मुरकू, भजिया, मूठिया, गुजिया छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा.

चमकदार उपलब्धियों के बीच घरेलू बाजार को दिखानी होगी मजबूती

केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने पिछले दिनों 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल से जून) के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े प्रस्तुत किए। पहली तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। उम्मीद की जा रही है कि कुछ यही रफ्तार पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में भी बरकरार रहेगी।

इसके बाद जुलाई से सितंबर, 2023 (2023-24 की दूसरी तिमाही) के लिए जीडीपी के तिमाही के आंकड़े 30 नवंबर को जारी किए जाएंगे। पहली तिमाही में जीडीपी की जो वृद्धि दिख रही है, वह वाकई काफी प्रभावशाली है। कई विश्लेषकों ने टिप्पणी की है कि पहली तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर पूरे वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था की सर्वाधिक तिमाही वृद्धि दर साबित होगी।

इस तथ्य से इन्कार नहीं किया जा सकता कि कोरोना महामारी के बाद से वैश्विक अर्थव्यवस्था कई तरह के व्यवधानों से जूझ रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध, कुछ देशों में खाद्य व ऊर्जा संकट और पर्यावरणीय आपदाओं से संबंधित चुनौतियां पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर डाल रही हैं। इस पृष्ठभूमि में, भारत के लिए मध्यम अवधि में सात से

आठ प्रतिशत से ज्यादा की विकास दर से आगे बढ़ने के लिए निजी निवेश में सतत वृद्धि और खासकर, उपभोग-पिरामिड में सबसे नीचे के स्तर से मांग पैदा करनी होगी। हालांकि यह भी सच है कि त्रैमासिक डाटा बहुत कम समय-सीमा का प्रतिनिधित्व करता है। लेकिन, इससे यह तो पता चलता ही है कि उस एक वर्ष के भीतर अर्थव्यवस्था की हालत कैसी रही। इस दृष्टिकोण से तिमाही आंकड़े यह संकेत जरूर देते हैं कि किसी विशेष वर्ष के दौरान, अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक प्रदर्शन के क्या नतीजे रहे। पहली तिमाही में दिख रही वृद्धि सेवा क्षेत्र और खेती की वजह से है। रियल एस्टेट समेत वित्तीय सेवाएं इस तिमाही में 12 प्रतिशत से ज्यादा की दर से बढ़ीं। अगर पिछले वर्ष की इसी तिमाही से तुलना करें, तो विनिर्माण की वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत से गिरकर 4.7 प्रतिशत रह गई।

किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए आर्थिक विकास निवेश से प्रेरित होता है। निवेश या सकल स्थायी पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) में हाल के वर्षों में लगातार गिरावट आई है। अब महसूस होता है कि इसकी स्थिति में बदलाव आया है। ग्रॉस फिक्स्ड कैपिटल फॉर्मेशन (जीएफसीएफ) यानी 'सकल स्थायी पूंजी निर्माण' सरकारी और निजी क्षेत्र की अचल संपत्ति पर किया जाने वाला शुद्ध पूंजीगत व्यय का एक आकलन है। अचल संपत्ति का अर्थ ऐसी मूर्त/अमूर्त परिसंपत्तियों से है, जिन्हें एक साल से ज्यादा अवधि तक लगातार या कभी-कभी इस्तेमाल के लिए सृजित किया जाता है। इसमें किसी कंपनी, सरकार या स्थानीय निकाय द्वारा एक साल या तिमाही में मशीनरी, वाहन, सॉफ्टवेयर, नई रिहायशी इमारतों व अन्य बिल्डिंग तथा सड़क निर्माण पर किया गया पूंजीगत व्यय शामिल है।

पहली तिमाही में निवेश 2021-22 के लिए जीडीपी के 28 प्रतिशत की तुलना में अब जीडीपी का 29.3 प्रतिशत अनुमानित किया गया है। बैंक जमा और बैंक ऋण, दोनों ने 2022-23 की पहली तिमाही की तुलना में ज्यादा वृद्धि दिखाई है। ये सकारात्मक संकेत हैं। और, अगर चीजें इसी तरह से होती रहीं, तो मध्यम से लंबी अवधि के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था सात से आठ प्रतिशत से ज्यादा गति से विकास करेगी। भारत में केंद्र और राज्यों के स्तर पर सरकारों द्वारा बजट के जरिये पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी देखी गई है। बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं में सार्वजनिक क्षेत्र के निवेश द्वारा निजी निवेश को आकर्षित करने की कोशिश करनी चाहिए। यह समझना होगा कि विकास के लिए निजी क्षेत्र की तरफ से निवेश सबसे महत्वपूर्ण है। हालांकि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, फिर भी

> मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी की जो वृद्धि दिख रही है, वह वाकई काफी प्रभावशाली है। लेकिन, फिलहाल अनिश्चित दिख रहे वैश्विक आर्थिक माहौल में भारत के घरेलू बाजार को एक ढाल की तरह कार्य करना होगा।

कुछ महत्वपूर्ण चुनौतियां हैं, जिनसे आगे बढ़ने से पहले निपटना जरूरी है। घरेलू बचत में वृद्धि द्वारा समर्थित निवेश चक्र को बेहतर ढंग से जारी रखने के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। यह समझना चाहिए कि भारत के विकास के लिए जरूरी वित्त ज्यादातर घरेलू क्षेत्र की बचतों से मिलता है। इसलिए, लंबे समय के लिए विकास का प्रमुख निर्धारक घरेलू बचत ही होगा। जाहिर है कि वित्तीय क्षेत्र की नीतियों द्वारा घरेलू बचत को प्रोत्साहित करना चाहिए और छोटे बचतकर्ताओं के हितों की रक्षा करनी चाहिए। रोजगार परिदृदश्य में बड़े पैमाने पर वृद्धि के लिए विनिर्माण क्षेत्र का विकास जरूरी है। विनिर्माण क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा, तभी गुणवत्तापूर्ण रोजगार पैदा हो सकेंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि निवेश चक्र में तेजी विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि और रोजगार सृजन को बढ़ावा देगी। दूसरी बात यह कि कृषि क्षेत्र ने, जिसने कोविड काल में भी धनात्मक वृद्धि दर दिखाई थी, प्रतिवर्ष चार फीसदी की दर से वृद्धि जारी रखी है। इस वर्ष कुछ क्षेत्रों में बारिश कम होने से इस वृद्धि को बनाए रखना चुनौती पूर्ण हो सकता है।

पिनाकी चक्रवर्ती

संपादकीय

हितों का मेल है

बाइडेन और मोदी ने जून में वॉशिंगटन में दोनों के बीच हुए समझौतों के अमल पर प्रगति की समीक्षा की। सिर्फ ढाई महीनों के अंदर उन समझौतों पर अमल किस तेजी से आगे बढ़ा है, वह सचमुच ध्यान खींचने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई मुलाकात ने इस बात की पुष्टि की कि भारत और अमेरिका में आपसी हितों का मेल पुख्ता शक्ल ले चुका है। जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आए बाइडेन और मोदी ने जून में वॉशिंगटन में दोनों के बीच हुए समझौतों के अमल पर प्रगति की समीक्षा की। सिर्फ ढाई महीनों के अंदर उन समझौतों पर अमल किस तेजी से आगे बढ़ा है, वह सचमुच ध्यान खींचने वाला है। ड्रोन सौदे से लेकर अमेरिकी नौसेना के जहाजों को भारतीय बंदरगाहों पर 'मरम्मत' की सेवा देने के लिए हुए समझौते अमली जामा पहन चुके हैं। इस रूप में कहा जा सकता है कि भारत अब अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति में सक्रिय भूमिका निभाने की दिशा में काफी आगे बढ़ चुका है। यह खबर भी गौरतलब है कि अमेरिका के भारत से यह पूछने के बाद कि ताइवान पर चीनी हमला होने पर वह उस युद्ध में कैसी भूमिका निभाएगा, भारतीय सेना ने अपनी संभावित भूमिका की पड़ताल के लिए एक समिति का गठन किया है। जब भारत ने भू-राजनीतिक मामलों ने यह भूमिका अपनाई है, तो इस बात को समझा जा सकता है कि बाइडेन प्रशासन क्यों भारत- खासकर प्रधानमंत्री मोदी को खुश रखने के लिए उतावला है।

तकनीकः साइबर अपराधियों का नया हथियार, एआई ने बढ़ाया फिशिंग ई-मेल का खतरा

फिल्म जवान के एक दृश्य में एक शहर का ट्रैफिक बस एक क्लिक भर से बाधित कर दिया जाता है और लोगों की गाड़ियां आपस में टकरा जाती हैं। यह दृश्य फिल्मी कल्पना नहीं, बल्कि वास्तविकता हो सकता है, क्योंकि अब किसी भी कंप्यूटर नेटवर्क को कभी भी भेदा जा सकता है। लेकिन इसके लिए हमें किसी पेशेवर की जरूरत पड़ती है। एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के आने से प्रोफेशनल हैकर और शौकिया हैकर के बीच का दायरा काफी सिमट गया है और इंटरनेट पर कोई भी चीज अब एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) की पहुंच से दूर नहीं रहा है। इन्हीं में से ताजा मामला फिशिंग ई-मेल्स से जुड़ा है।

फिशिंग एक प्रकार का कंप्यूटरीकृत हमला है, जिसका उपयोग अक्सर उपयोगकर्ता का डाटा चुराने के लिए किया जाता है, जिसमें लॉगिन क्रेडेंशियल और क्रेडिट कार्ड नंबर शामिल हैं। यह तब होता है, जब कोई साइबर अपराधी या हैकर किसी को ई-मेल, व्हाट्स एप संदेश या टेक्स्ट संदेश खोलने के लिए उकसाता है। जैसे ही वह व्यक्ति ऐसा करता है, उसकी गोपनीय जानकारियां या धन उस साइबर अपराधी या हैकर तक पहुंच जाता है।

वर्षों से कॉरपोरेट प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कर्मचारियों को चेतावनी भी दी जाती रही है कि वे फिशिंग ई-मेल्स की पहचान के लिए वर्तनी की गलतियों, गलत व्याकरण और अन्य त्रुटियों की खोज के लिए सतर्क रहें। पहले ये उपाय कारगर होते थे। लेकिन अब जनरेटिव एआई टूल्स, जिसमें चैट-जीपीटी भी शामिल है, ऐसे

ई-मेल में वर्तनी की गलतियों और अन्य त्रुटियों को तुरंत ठीक कर सकते हैं। इससे शौकिया हैकर्स के हाथों में भी एआई का प्रभावी हथियार आ गया है, क्योंकि जनरेटिव एआई टूल्स की मदद से निहायत ही व्यक्तिगत फिशिंग ई-मेल्स बनाए जा सकते हैं।

सोशल मीडिया के अधिक इस्तेमाल और अपनी निजता की परवाह न करने के कारण लोग अपनी बहुत-सी जानकारियां इंटरनेट पर साझा करते रहते हैं। ऐसे में जनरेटिव एआई टूल्स की मदद से उनके सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डेटा का विश्लेषण करते हुए कुछ ही सेकंड में निहायत व्यक्तिगत ई-मेल बनाया जा सकता है।

यह एक बड़े खतरे की आहट है। बड़े भाषा मॉडल्स, जैसे कि चैटजीपीटी और गूगल का बार्ड बेशक मनुष्यों की भाषा नहीं समझते हैं, पर वे वाक्य संरचना, साहित्यिक शैली और स्लैंग कैसे काम करते हैं, इसका विश्लेषण कर सकते हैं। अपनी इसी विश्लेषण क्षमता के आधार पर वे अनुमान लगा सकते हैं कि आपका कोई दोस्त या करीबी अपने मेल में आपको क्या लिखेगा या क्या लिख सकता है।

बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण कंप्यूटर प्रोग्राम होते हैं, जो कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क का उपयोग करके एआई द्वारा निर्मित टेक्स्ट बनाने में सहायक होते हैं। ये टेक्स्ट अक्सर सोशल मीडिया, समाचार साइटों, इंटरनेट फोरम्स और अन्य स्रोतों से एकत्रित किए जा सकते हैं और फिर हैकर्स उसे अपने हिसाब से अनुकूलित कर सकते हैं, जिसमें लेखन शैली की नकल भी शामिल है। अगर यही काम एआई जेनरेटेड भाषा मॉडलों के बगैर किया जाए, तो इसमें महीनों लग सकते है, जो अब सेकंडों में हो सकता है। चैटजीपीटी और बार्ड में फिशिंग ई-मेल जैसी सामाग्री निर्मित करने के इनबिल्ट सुरक्षा उपाय हैं। लेकिन कई ओपन-सोर्स एलएलएम में कोई सुरक्षा उपाय नहीं है।

एआई को विश्वसनीय डीपफेक (जिसमें वीडियो और आवाज की नकल शामिल है) तैयार करने के लिए भी इस्तेमाल किया जा रहा है, जो फेक न्यूज फैलाने में बड़ा सहायक है। ऐसे हाइब्रिड हमले अब वास्तविकता हैं। इससे साइबर सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा को सबसे बड़ा खतरा है, क्योंकि एआई ऐसे हाइब्रिड हमलों को और ज्यादा मारक बना सकता है। शतरंज जैसे खेलों में एआई ने पहले ही सिद्ध कर दिया है कि वह इंसानों को परास्त कर सकता है। इसी तरह से देश में ऐसे साइबर हमले किए जा सकते हैं, जिनका सामना करने के लिए हमारी सरकार या तंत्र तैयार ही न हो। हमें एक ऐसे रक्षात्मक एआई सिस्टम की आवश्यकता है, जिससे एआई-जनित साइबर हमलों का सामना किया जा सके।

मिला जुला

क्या कोई बड़ा फैसला होने वाला है?

संसद के विशेष सत्र का एजेंडा क्या है, राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज

भारत में जी20 शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन हुआ. इस समिट के लिए खासी तैयारी की गई थी. अब जी20 के सफल आयोजन के बाद सभी की निगाहें 18 सितंबर से होने वाले संसद के विशेष सत्र पर हैं. इस सत्र में आम से लेकर खास तक, हर कोई संसद के विशेष सत्र में बीजेपी द्वारा पेश किए जाने वाले एजेंडे पर नजर टिकाए बैठा है. क्या होने वाला है इसका अंदाजा बीजेपी के भी कई नेताओं को नहीं है.

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने जी20 के आयोजन से पहले इस विशेष एजेंडे को लेकर एक्स (ट्विटर) पर एक ट्वीट कर इसकी जानकारी दी थी.

जम्मू-कश्मीर पर भी हो सकता है एजेंडा?

इंडियन एक्सप्रेस की खबर के अनुसार, अटकलें ऐसी भी हैं कि इस सत्र में सरकार कुछ ऐसा कदम उठाने वाली है जिसका असर आने वाले चुनावों

पर भी पड़ेगा, इसमें जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस देने का प्रस्ताव, समान नागरिक संहिता लाने की दिशा में कदम, लंबे समय से प्रतीक्षित महिला आरक्षण विधेयक का पारित होना या 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की दिशा में कदम आगे बढ़ाना भी हो सकता है।

देश को 'विश्वगुरु' के रूप में पेश करेगी बीजेपी?

अब जब जी20 शिखर सम्मेलन सफलता के साथ समाप्त हो गया है, तो बीजेपी पीएम मोदी को एक मजबूत और निर्णायक नेता के रूप में उनकी लोकप्रियता को भुनाना चाहेगी. अब तक, जवाहरलाल नेहरू एकमात्र प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने अपनी पार्टी को आम चुनावों में बहुमत के साथ लगातार तीसरी जीत दिलाई है. अगर इस बार भी लोकसभा चुनावों में बीजेपी जीत हासिल करती है, तो नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद पर बैठने वाले देश के दूसरे नेता होंगे.

पुतिन कर रहे थे किम जोंग का गर्मजोशी से स्वागत, उधर यूक्रेन ने कर दिया मिसाइल अटैक

नई दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने देश के सुदूरवर्ती पूर्वी अमूर क्षेत्र में स्थित वोस्तोचनी कॉस्मोड्रोम में उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से बुधवार को मुलाकात की। यह मुलाकात दर्शाती है कि अमेरिका के साथ जारी टकराव के बीच दोनों नेताओं के हित कैसे एक हो रहे हैं। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी %आरआईए नोवोस्ती% ने बिना कोई विस्तृत जानकारी दिए बताया कि किम उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग से अत्याधुनिक सुविधाओं और भारी हथियारों से लैस ट्रेन से लाई गई लिमोजीन के जरिये वोस्तोचनी कॉस्मोड्रोम पहुंचे।

एजेंसी के मुताबिक, कॉस्मोड्रोम में मौजूद पुतिन ने उत्तर कोरियाई नेता का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनसे हाथ मिलाया और कहा कि उन्हें किम को देखकर बहुत खुशी हो रही है। रूस की सरकारी मीडिया ने बताया कि किम ने 'व्यस्तता के बावजूद' उन्हें रूस आने का निमंत्रण देने के लिए पुतिन का आभार जताया।

सरकारी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों नेता कॉस्मोड्रोम का निरीक्षण करने के बाद बातचीत शुरू करेंगे। दोनों नेताओं की बैठक से कुछ देर पहले उत्तर कोरिया ने समुद्र में दो बैलिस्टिक मिसाइल दागी हैं।

उधर, यूक्रेन ने भी रूस के कब्जे वाले क्रीमिया के सेवस्तोपोल में एक नौसैनिक शिपयार्ड पर मिसाइल अटैक कर दिया। इस हवाई हमले में कम से कम 24 रूसी नौसैनिक घायल हो गए हैं। शिपयार्ड में बड़े पैमाने पर आग लग गई। इससे पूरा आसमान धुआं-धुआं हो गया। मास्को-स्थापित बंदरगाह शहर सेवस्तोपोल के गवर्नर मिखाइल रज़वोज़ायेव ने इसकी पुष्टि की है।

शरद पवार के घर इंडिया की कोऑर्डिनेशन कमेटी की पहली बैठक आज

सीट शेयरिंग को लेकर बनेगी बात?

विपक्षी गुट इंडिया अलायंस की कोआर्डिनेशन कमेटी की पहली बैठक आज होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बैठक के एजेंडे में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सीट शेयरिंग के फॉर्मूले पर चर्चा होगी। साथ ही कौन सा अभियान और रैली कब होगी इस मुद्दे पर भी चर्चा होने की उम्मीद है।

कोआर्डिनेशन कमेटी विपक्षी दलों से 14 नेता शामिल हैं। कमेटी के बैठक आज शाम को एनसीपी चीफ शरद पवार के आवास पर होगी। सूत्रों के हवाले से न्यूज़ एजेंसी पीटीआई ने बताया है कि कई विपक्षी दलों के नेताओं ने सीट-बंटवारे का फॉर्मूला जल्द तैयार करने की मांग

की है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लोकसभा सीटों पर बीजेपी उम्मीदवारों के खिलाफ विपक्ष की ओर से एक साझा उम्मीदवार खड़ा किया जाए। इंडिया गठबंधन के कई नेताओं का यह भी मानना है कि पार्टियों को इस तरह का फॉर्मूला अमल में लाने के लिए अपने इगो और स्वार्थ को छोड़ना होगा। सीट शेयरिंग का पैमाना या मानदंड क्या होगा। फिलहाल इसको लेकर अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। कहा जा रहा है कि हाल के चुनाव नतीजों को देखते हुए किसी सीट पर पार्टियों के प्रदर्शन पर गौर किया जाएगा।

एक सूत्र ने बताया कि सीट बंटवारे के मुद्दे पर विचार किया जाएगा, भले ही इस बैठक में उसे फाइनल न किया जाए। सूत्रों के मुताबिक, विपक्षी नेता बीजेपी से मुकाबला करने के लिए चुनाव अभियान का व्यापक खर्च भी उठाएंगे।

नॉर्थ कोरिया के हथियार कैसे यूक्रेन में मचा सकते हैं तबाही? समझें पुतिन का पूरा प्लान

नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करने के लिए रूस के दौरे पर हैं. आपको बता दें कि किम जोंग उन अपनी निजी ट्रेन से रूस के लिए रवाना हुए थे. वो रूस के बंदरगाह शहर व्लादिवोस्तोक में पुतिन के साथ मुलाकात करेंगे. रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन और किम के बीच हथियारों को लेकर बड़ी डील हो सकती है, जिसका इस्तेमाल पुतिन यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में कर सकते हैं. रॉयटर्स के रिपोर्ट के मुताबिक आर्मी विश्लेषकों का कहना है कि अगर नॉर्थ कोरिया यूक्रेन में युद्ध के लिए रूस को तोपखाने के गोले और अन्य हथियार मुहैया कराता है, तो इससे क्रेमलिन बलों को गोला-बारूद के अपने घटते भंडार को बढ़ाने में मदद मिल सकती है.

पांच महीने पहले कोटा आई नीट स्टूडेंट ने किया सुसाइड

कोटा |कोटा में स्टूडेंट्स के सुसाइड थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। यहां नीट तैयारी कर रही एक और छात्रा ने फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। बताया जा रहा है कि छात्रा के पिता एक महीने से उससे बात नहीं कर रहे थे। घटना मंगलवार रात करीब 10 बजे विद्याधर नगर थाना क्षेत्र के इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पलेक्स स्थित हॉस्टल की है। घटना के दौरान छात्रा के रूम का गेट खुला था। रूममेट ने उसे फंदे से झूलता देखा तो उसने शोर मचाया और दूसरे स्टूडेंट्स को जानकारी दी।

खजूर के पेड़ से फैला था केरल में मिला निपाह वायरस, कोरोना से ज्यादा जानलेवा

तिरुवनंतपुरम। केरल में निपाह वायरस की पुष्टि हो गई है। सीधे ब्रेन पर अटैक करने वाले इस खतरनाक वायरस ने दो लोगों की जान ले ली। वहीं चार लोग इससे अब भी संक्रमित हैं। केरल सरकार ने कहा है कि यह बांग्लादेश वाला वेरिएंट है जो कि काफी खतरनाक है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि यह वायरस इंसानों से इंसान में फैलता है। इसके फैलने की रफ्तार कम होती है लेकिन खतरनाक बहुत होता है। इस संक्रमण की मृत्यु दर ज्यादा देखी गई है। जॉर्ज ने इस बात की पुष्टि की है कि कोझिकोड में हुई अप्राकृतिक मौत इसी वायरस की वजह से हुई है। कहा गया है कि एक शख्स की इसी महीने मौत हुई है जबकि दूसरे की मौत 30 अगस्त को हुई थी। बता दें कि 2018 के बाद चौथी बार केरल में निपाह वायरस का कहर है। 2018 में जब पहली बार केरल में निपाह वायरस पाया गया था तब 23 संक्रमित लोगों में से 21 की जान चली गई थी। इसके बाद 2019 और 2021 में फिर से निपाह के केस पाए गए।

निपाह की नहीं बनी है वैक्सीन

आपको जानकर हैरानी होगी कि कोरोना वायरस की वैक्सीन एक साल में ही तैयार हो गई लेकिन निपाह वायरस की वैक्सीन और दवाई अब तक उपलब्ध नहीं है। यह ब्रेन और नर्वस सिस्टम पर अटैक करता है। इस वायरस की वजह से इंसान बहुत जल्दी कोमा में जा सकता है। तेज बुखार, बदन दर्द, उल्टी इसके लक्षण होते हैं। बताया जाता है कि यह वायरस चमगादड़ों से फैला। 1999 में मलेशिया और सिंगापुर में इस वायरस की पहचान की गई थी।

एक एक वोट से मिली शक्ति से मोदी कर रहे भारत का निर्माणः-ओपी चौधरी

जोहार छत्तीसगढ़ – रायगढ़।

लोकसभा में एक वोट की वजह से अटल बिहारी की सरकार गिरी इस वजह देश में पुनः चुनाव हुआ। वोटो के नाम पर मिली शक्ति के दुरुपयोग की कोई ऐसी मिशाल शायद आजाद भारत में देखने नही मिली। स्वर्गीय अटल बिहारी जी ने संसद में कहा उनके लिए सत्ता लक्ष्य नही। सत्ता पाने के नाम पर पर्दे के पीछे चलने वाले समझौतो को आम जन मानस के सामने उजागर करना था था। एक वोट की वजह से जाती हुई सरकार की इस पीड़ा को भाजपा के साथ साथ हर देश वासियों ने महसूस किया। लगभग डेढ़ दशक बाद वर्ष 2014 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान हर देश वासी ने मोदी के नेतृत्व पर भरोसा करते हुए 282 सीटो वाली पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई ताकि सांसद में दोबारा एक वोट के नाम पर ऐसा दुरुपयोग दोबारा नही किया जा सके। स्वतंत्र भारत के मोदी जी 15 वें ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने स्वतंत्र भारत में जन्म लिया है। इससे पूर्व वे गुजरात राज्य के 14 वें मुख्यमंत्री रहे। गुजरात की जनता ने उन्हें उनके काम की वजह से 2001 से 2014 तक लगातार चार बार मुख्यमंत्री चुना। 2013 के दौरान टाइम पत्रिका ने मोदी को पर्सन ऑफ द ईयर के 42 उम्मीदवारों की सूची में शामिल किया था। विश्वविद्यालय के छात्र जीवन के दौरान वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में नियमित जाने लगे थे। उनका जीवन संघ के एक निष्ठावान प्रचारक के रूप में शुरू हुआ।सोमनाथ से लेकर अयोध्या तक की रथयात्रा के संवाहक आडवाणी के प्रमुख सारथी की भूमिका में नरेन्द्र मोदी ही थे।कन्याकुमारी से लेकर सुदूर उत्तर में स्थित काश्मीर तक की मुरली मनोहर जोशी की दूसरी रथयात्रा भी नरेन्द्र मोदी जी की ही देखरेख में आयोजित हुई। 1995 में राष्ट्रीय मंत्री के नाते उन्हें 5 प्रमुख राज्यों में पार्टी संगठन का काम दिया गया जिसे उन्होंने बखूबी निभाया। 1998 में उन्हें राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) का उत्तरदायित्व दिया गया। इस पद पर वह अक्टूबर 2001 तक काम करते रहे। इसके बाद वे गुजरात के मुख्यमंत्री बने। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनकी सादगी चर्चा में रही ।कर्मयोगी की तरह जीवन जीने वाले मोदी

मोदी आगमन पर विशेष...

ने गुजरात के विकास के लिए पंचामृत योजना,सुजलाम् सुफलाम् ,कृषि महोत्सव,चिरंजीवी योजना,मातृ-वंदना, बेटी बचाओ, ज्योतिग्राम योजना,कर्मयोगी अभियान,कन्या कलावाणी योजना,बालभोग योजना, वनबन्धु विकास कार्यक्रम, जैसी योजनाओं के अलावा 5 लाख परिवारों को रोजगार, उच्चतर शिक्षा की गुणवत्ता, आर्थिक विकास, स्वास्थ्य, आवास,साफ स्वच्छ पेय जल, सिंचाई, समग्र विद्युतीकरण, हर मौसम में सड़क मार्ग की उपलब्धता और शहरी विकास जैसे सूत्रों पर भी काम कर गुजरात को नई ऊंचाइयां दी। देश वासियों के एक एक वोट से मिली शक्ति का मोदी जी ने भारत के विकास के लिए उपयोग किया। भारत विश्व गुरु बनने की राह पर है आने वाले वर्षो में भारत तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। करोड़ों जन धन खाते, हर देश वासी के इलाज हेतु स्वास्थ्य की गारंटी,देश के पहुंच विहीन गांवों तक बिजली पानी सड़क नेट कनेक्टिविटी की सुविधा किसानो को उपज का उचित मूल्य शौचालयो का निर्माण जन धन खाते खोलने का काम उज्जवला योजना के तहत महिलाओ के गैस देने का काम गरीबों के लिए आवास बनाने का काम युद्ध स्तर पर हुआ। पूर्ववर्ती सरकारें किसानो खेती के लिए ब्याज में ऋण देने का काम करती थी लेकिन वर्तमान मोदी सरकार हर बार खेती पहले नगद सहायता मुहैया करा रही इस सहायता राशि के लिए किसानों को भटकने की जरूरत नही बल्कि घर बैठे ही उन्हें यह राशि मिल जाती है। पहले सरकार एक रुपया भेजती थी जनता तक दस पैसा मिलता था लेकिन मोदी सरकार गरीबों के हक का पूरा पैसा उनके खाते में भेज रही। मोदी सरकार ने गरीबों के हक में डाका डालने वाले खूनी पंजे से मुक्ति दिला दी।देश वासियों से वोटो के रूप में मिले अपार जन समर्थन की वजह से धारा 370 हटाकर फूलो की घाटी कश्मीर को आतंक से मुक्त किया। देश वासियों को आतंकी घटनाओ से मुक्ति दिलाई। राम मंदिर के निर्माण का काम पूर्णता की ओर है। मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक जैसी कुरूति से निजात दिलाई। समान नागरिक सहिता की दिशा में मोदी सरकार सभी से सहमति बनाकर काम कर रही है। नए संसद भवन में लोकसभा की शुरुवात नए भारत के निर्माण का प्रमाण बन गया।

*रायगढ़ की जनता के लिए मोदी के सानिध्य का सुअवसर

हर पल देश के लिए जीने वाले विश्व के नेता मोदी का आगमन कोड़ा तराई में हो रहा है उनका सानिध्य हम सभी को भारत के नवनिर्माण का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करेगा। राष्ट्र प्रेम की अलख जगाने के लिए आ रहे मोदी जी को आप सभी सुनने अवश्य जाए।

एक नजर

प्राकृतिक आपदा पीड़ित 05 परिवारों हेतु 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

जगदलपुर ।कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 05 परिवारों को 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील बस्तर ग्राम चोकर निवासी संपूर्ण कश्यप की मृत्यु पानी में डूबने से पिता मुन्नाराम कश्यप को, ग्राम रेटावण्ड निवासी तनवी की मृत्यु पानी में डूबने से श्री रतुराम को, तहसील भानपुरी ग्राम कुंगारपाल निवासी श्रीमती सोनाय की मृत्यु सांप काटने से पति श्री लच्छन राम सेठिया को, ग्राम खण्डसरा निवासी तातू बघेल की मृत्यु सांप काटने से पत्नी श्रीमती पदमा बघेल को और तहसील बकावण्ड ग्राम पाहुरबेल निवासी राजेश बघेल की मृत्यु बिजली गिरने से माता श्रीमती कचरीबाई को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

श्री सीपी बघेल को मिला अपर कलेक्टर का दायित्व

जगदलपुर। राज्य शासन के आदेशानुसार कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा अपर कलेक्टर जिला बस्तर के पद पर श्री चन्द्रिका प्रसाद बघेल को पदस्थ किये जाने के फलस्वरूप कार्य आगामी आदेश पर्यन्त अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। उक्त आदेश के प्रभावशील होने के साथ ही श्री हरेश मंडावी को अपर कलेक्टर के चालू प्रभार से मुक्त किया गया है।

खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर होगी कड़ी कार्यवाही

कलेक्टर सोनी ने हाईकोर्ट के आदेश का कड़ाई से पालन करने के दिए निर्देश

कोण्डागांव। कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण की पुनरावृत्ति करने वाले लोगों के विरुद्ध अभियोजन की कार्यवाही करने के साथ ही दो से पांच वर्ष तक कारावास के दंड की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। पुल-पुलिया और एनीकट सहित विभिन्न संरचना एवं अन्य प्रतिबंधित क्षेत्रों में अवैध खनन पर कार्यवाही के साथ ही खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण की स्थिति में पट्टेदार, परिवहनकर्ता और ठेकेदारों के विरुद्ध भी कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के चिन्हांकन के लिए विकासखण्ड मुख्यालयों किया जाएगा आंकलन शिविरों का आयोजन

कोण्डागांव। विशेष आवश्यकता वाले पहली से बारहवीं तक अध्ययनरत बच्चों के चिन्हांकन के लिए आंकलन शिविर का आयोजन सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से इन शिविरों का आयोजन फसरगांव खण्ड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में 25 सितंबर को माकड़ी खण्ड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में, 27 सितंबर को बड़े राजपुर खण्ड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में 29 सितंबर को कोंडागांव खण्ड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में और 30 सितंबर को केशकाल खण्ड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में किया जाएगा।

आंकलन शिविर में जिला अस्पताल के नाक कान गला, नेत्र अस्थि और प्रोस्थेटिस्ट और ऑर्थोटिस्ट, समाज कल्याण विभाग और जिला पुनर्वास केन्द्रों के विशेषज्ञों के सहयोग से नेत्र, कान, अस्थि आदि बाधित विद्यार्थियों का बैशाखी, ट्राईसिकल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, ब्लाइंड स्टिक, मैग्नेफाईड ग्लास, कैलिपर्स, ब्रैली स्टिक, वॉकिंग स्टिक, कॉलर, एल्बो, क्रच्स रोलेटर इत्यादि प्रदान करने के लिए चिन्हांकन किया जाएगा। इसके साथ ही आवश्यक सर्जरी, फिजियोथेरेपी व ओक्यूपेशनल स्पीच थेरेपी के लिए भी चिन्हांकन किया जाएगा।

तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को रौंदा

कांकेर-रायपुर ।ग्राम पुरियारा व करप के मध्य एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। हादसे के बाद नाराज ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग में चक्काजाम कर दिया। पुलिस ने किसी तरह ग्रामीणों को समझाईश देकर शांत कराया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हादसा रात करीब 10 बजे के आसपास हुआ है। मोटर साइकिल सवार मृतक अजय जैन व तुलसी कुंजाम सरोना से पटौद लौट रहे थे। इसी बीच ग्राम पुरियारा व करप के बीच विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया।

संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक हेतु 321 खिलाड़ी जगदलपुर हुए रवाना

नगरपालिका अध्यक्ष ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना, खिलाड़ियों को दिये किट

कोण्डागांव। जगदलपुर के लालबाग मैदान में 13 से 15 सितम्बर 2023 तक होने वाले संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों में भाग लेने के लिए मंगलवार को 321 खिलाड़ियों के दल को नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा यादव द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इन खिलाड़ियों में जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को संभाग स्तर पर प्रतिस्पर्धा हेतु भेजा गया है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा खिलाड़ियों को कीट का भी वितरण किया गया।

संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को 3000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को 2500 रूपये, तृतीय पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को 2000 रूपये सीधे उनके खाते में अंतरित किये जायेंगे। सभी खिलाड़ियों को कलेक्टर दीपक सोनी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेम प्रकाश शर्मा एवं वरिष्ठ खेल अधिकारी सुधा कुमार द्वारा शुभकामनाएं दी गयीं हैं।

संसदीय सचिव रेखचंद जैन एवं महापौर श्रीमती सफीरा साहू ने चार वार्डों में किया 1.70 करोड़ से अधिक के कार्यों का भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की मंशा अनुरूप गढबो नवा जगदलपुर की अवधारणा अनूरूप हो रहे हैं विकास कार्य – रेखचंद जैन

जगदलपुर। विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन, महापौर श्रीमती सफीरा साहू,शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य एवं इंद्रावती विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने शहर के महारानी वार्ड , रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड, अनूकूल देव वार्ड, एवं विवेकानंद वार्ड में 1 करोड़ 70 लाख 87 हजार रुपए के बी टी रोड़,आर सी सी नाली निर्माण,सी सी सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन किया जिन कार्यों का भूमि-पूजन किया गया उनमें महारानी वार्ड क्रमांक 14 में माता संतोषी मंदिर गली चांदनी चौक से 36 क्वार्टर तक बी टी रोड़ नवीनीकरण कार्य 8.45 लाख,परितोष घर के पास आर सी सी नाली निर्माण 11.58 लाख, संतोषी माता मंदिर परिसर आर सी सी नाली निर्माण 6.95 लाख, त्रिपाठी घर से प्रकाश मूर्ति घर तक बी टी रोड़ निर्माण कार्य 8.00 लाख कुल 34.98 लाख रुपए, रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड क्रमांक 12 में लखमू घर से नागेश घर तक 400 मीटर आर सी सी नाली निर्माण 18.42 लाख,गट्टे घर से रुकसाना घर तक 555 मीटर सीसी रोड निर्माण 10.09 लाख,राठौर घर से मंगल राम घर तक 150 मीटर सीसी रोड निर्माण 2.99 लाख,स्कूल में 130 मीटर सीसी रोड निर्माण 2.60 लाख, शौचालय के पीछे सी सी सड़क निर्माण 3.00 लाख कुल 37.10 लाख रुपए, अनूकूल देव वार्ड क्रमांक 31 में किष्टा दास घर से मंडल मदार घर और उमेश मिश्रा घर से बिहारी घर तक सी सी सड़क निर्माण 25.83 लाख एवं विवेकानंद वार्ड में करीम घर से हरिशंकर दिक्षित दुकान तक बी टी रोड़ निर्माण 25.51 लाख, आंगनबाड़ी भवन निर्माण 6.45 लाख रुपए एवं गुरु घासीदास वार्ड में लगभग 30 लाख के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन किया।

सामुदायीक वन अधिकार पत्र की मांग लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे सैकड़ो की संख्या ग्रामीण

कोंडागांव। सामुदायीक वन अधिकार पत्र की मांग को लेकर सैकड़ो की संख्या में ग्राम नेवता के ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुचकर कलेक्टर को सौपा ज्ञापन। कलेक्टर ने दिया ग्रामीणों को आश्वासन । ग्राम नेवता के सरपंच हीरालाल मौर्य व ग्राम पटेल भागवत पटेल ने बताया कि 20 सूत्रीय 20 एकड़ भूमि को एक व्यक्ति के द्वारा खरीदा गया था उक्त 20 सूत्रीय जमीन का पट्टा पूर्व में न्यायालय के द्वारा रद्द कर दिया गया था, फिर भी उक्त जमीन पर अपना कब्जा नहीं छोड़ रहा। इसलिए आज हम सभी ग्राम के ग्रामीण कलेक्टर से मिलकर उक्त जमीन का सामुदायीक वन अधिकार पत्र बनाने की मांग की है जिस पर कलेक्टर ने आश्वासन दिया की पहले आप ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पारित कर वन सामुदायिक अधिकार पत्र करें ।

तमिलनाडू के सेलम से हुई बंधक मजदूरों की सकुशल वापसी

कोण्डागांव। तमिलनाडू के सेलम में मिठाई बनाने का काम करने गए कोंडागांव जिले के कावरा छिंदपाल गांव के तीन मजदूरों की कलेक्टर श्री दीपक सोनी के प्रयासों से मंगलवार को सकुशल वापसी हो गई। तीनों श्रमिकों ने कलेक्टर श्री सोनी से मिलकर उनका आभार जताया। इस दौरान कलेक्टर श्री सोनी ने तीनों श्रमिकों की सकुशल वापसी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी। श्रमिकों द्वारा तमिलनाडू में मिठाई बनाने का कार्य करने की जानकारी देने पर कलेक्टर ने उन्हें यहीं स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उन्हें स्वरोजगार की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

पवन साहू एवं दीपमाला वैष्णव कवर्धा में राज्य स्तरीय 'शिक्षक प्रतिभा सम्मान' से किए गए अलंकृत

पवन साहू एवं दीपमाला वैष्णव समाज की बहुमूल्य सेवा हेतु प्रतिभा संपन्न शिक्षक के रूप में सम्मानित किए गए

कोंडागांव। शिक्षक प्रतिभा अकैडमी छत्तीसगढ़ भारती सदन कवर्धा रोड पंडरिया जिला कबीरधाम द्वारा आयोजित कॉलेज ऑडिटोरियम कवर्धा में मुख्य अतिथि मोहम्मद अकबर परिवहन, आवास एवं वन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन,अध्यक्षता श्रीमती ममता चंद्राकर विधायक पंडरिया कबीरधाम, विशिष्ट अतिथि ऋषि कुमार शर्मा, महेंद्र कुमार गुप्ता जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम, भारत कुमार डोरे संस्थापक एवम् संयोजक , राज्य भर से आए हुए प्रतिभावान शिक्षकगण एवं शिक्षक प्रतिभा अकैडमी छत्तीसगढ़ के सदस्यों की उपस्थिति में सरस्वती माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पितकर शिक्षक प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि मोहम्मद अकबर परिवहन ,आवास एवं वन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य भर के लगभग 200 प्रतिभावान शिक्षक शिक्षकों को शिक्षक प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया ।इसी कड़ी में बस्तर जिला से श्रीमती सुचित्रा सामंत व्याख्याता सेजेस जगदलपुर एवं मनीष कुमार अहीर व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े मुरमा जगदलपुर तथा कोंडागांव जिले के शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़े बेंदरी के प्रधानाध्यापक एवं कब मास्टर पवन कुमार साहू एवं शासकीय प्राथमिक शाला बाजारपारा कोंडागांव की शिक्षिका एवं फ्लॉक लीडर श्रीमती दीपमाला वैष्णव को कब ङ्कबुलबुल के क्षेत्र में सक्रिय गतिविधियों एवं समाज तथा देश हित के कार्य करने हेतु विशिष्ट प्रतिभा संपन्न शिक्षक के रूप में समाज की बहुमूल्य सेवा के लिए 11 सितंबर को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह कॉलेज ऑडिटोरियम कवर्धा में आयोजित कर श्रीफल ,साल, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर शिक्षक प्रतिभा सम्मान से अलंकृत किया गया।

वन विद्यालय जगदलपुर में वन अपराध नियंत्रण संबंधी दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

जगदलपुर। वन विद्यालय जगदलपुर में 11 एवं 12 सितम्बर को वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो जबलपुर के माध्यम से दो दिवसीय वन्य जीव अपराध नियंत्रण संबंधी प्रशिक्षण सह कार्यशाला सम्पन्न हुई। उक्त प्रशिक्षण सह कार्यशाला में वन वृत्त जगदलपुर के विभिन्न वनमण्डलों से सहायक वनसंरक्षक, वनक्षेत्रपाल, उप वनक्षेत्रपाल, वनपाल, वनरक्षक स्तर के 50 प्रतिभागी तथा वन विद्यालय जगदलपुर में प्रशिक्षणरत 59 वनपाल सम्मिलित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किये। इस दौरान वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो जबलपुर के वाइल्ड लाईफ इन्स्पेक्टर श्री कौशिक मंडल, पूर्व रिसर्च आफिसर श्री अंकुर गौतम, असिस्टेन्ट प्रोफेसर एण्ड साइंटिस्ट स्कूल आफ वाइल्ड लाइफ फोरेन्सिक एण्ड हेल्थ एनडीवीएसयू जबलपुर डॉ निधि राजपूत और अधिवक्ता श्रीमती मंजूला श्रीवास्तव द्वारा प्रथम दिवस में थ्योरी क्लास में वन्य जीव अपराध नियंत्रण एवं जांच प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से प्रतिभागियों को समझाया गया। वहीं कार्यशाला के द्वितीय दिवस में मॉक ड्रिल के माध्यम से संपूर्ण जांच प्रक्रिया एवं न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत कैसे किया जाता है, इस संबंध में संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला के समापन कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनीष कुमार ठाकुर, मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर वृत्त श्री मोहम्मद शाहिद,अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री डीआर देवांगन,चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट श्री रूपनारायण पात्रे, निदेशक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान सह निदेशक जगदलपुर वन विद्यालय श्री धम्मशील गनवीर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन वन विद्यालय के अनुदेशक श्री सुरेश पिपरे अनुदेशक के द्वारा किया गया।

कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सेक्टर अधिकारियों को दी निर्वाचन कार्यों की जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली। डॉ. सिद्दीकी ने कहा कि मतदान की अवधि जिसमें मतदान दल की रवानगी और वापसी के दौरान निर्वाचन नियमावली के तहत ही सारे कार्य करना है। कोई भी कार्य नियमावली के बाहर नहीं किया जाना है। उन्होंने कहा कि 80 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों के इच्छा व्यक्त करने पर ही पोस्टल बैलेट डाकमत के आधार पर फ ार्म.12 डी भरना है।

मतदान पूर्व जिम्मेदारियां

कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने मतदान के पूर्व सेक्टर अधिकारियों की जिम्मेदारियों और कार्यों के बारे में बताया कि मतदान केन्द्रों के अक्षांश.देशान्तर का सत्यापन किया जाना है। नक्शे पर बने मार्ग का सत्यापन कर पता लगाना कि यह पहुंच योग्य मार्ग साध्य है। साथ ही कमियों, त्रुटियों यदि कोई हो के संबंध में प्रभारी अधिकारी को तत्काल सूचित करें। मतदान केन्द्र भवन की भौतिक स्थिति का जानकारी लेना और बुनियादी सुविधा जैसे पेयजल, पहुंच मार्ग, विद्युत आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था, रैम्प, टॉयलेट की उपलब्धता सुनिश्चित करना। नये मतदान केन्द्र यदि कोई हो तो का व्यापक प्रचार.प्रसार करना। कम्यूनिकेशन प्लान हेतु फोनए मोबाइल नंबर संग्रहित करना। मतदान केन्द्रों में संचार साधन मोबाइल कनेक्टिविटी पता करना। राजनैतिक दलों के ऐसे कार्यालयों का पता लगाना जो मतदान केन्द्रों से 200 मीटर परिधि में स्थित है। अनधिकृत चुनाव प्रचार, अनधिकृत वाहन जो चुनाव प्रचार में लगे हो, संपत्ति विरूपण, शासकीय भवनों, शासकीय वाहनों, एवं शासकीय सेवकों के दुरूपयोग पर आदर्श आचार संहिता एमसीसी, के सभी संभव उल्लंघन पर नजर रखना। कलेक्टर ने कहा कि मतदान के पूर्व मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का प्रदर्शन करना है। मतदाता फोटो परिचय पत्र की तैयारी एवं वितरण की विशिष्ट जानकारी देना। मतदाताओं को अपना नाम और प्रविष्टियां एन्ट्री मतदाता सूची में चेक करने बीएलओ के माध्यम से सूचित करना है।कलेक्टर ने कहा कि ऐसे संवेदनशील क्षेत्र, जहां मतदाताओं को कानून विधि, विरूद्ध प्रभावित कर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया को बाधित किए जाने की आशंका हो ऐसे क्षेत्र को चिन्हांकित करना। मतदाताओं में स्वतंत्र तथा निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया पर विश्वास बढ़ाने सौंपे गए मतदान केन्द्रों के क्षेत्रों का बार.बार भ्रमण कर मतदाताअें से बातचीत करना। इससे वल्नरेबिलिटी असुरक्षित क्षेत्रों की मैपिंग में सहायता मिलेगी। वल्नरेबिलिटी मैपिंग के संबंध में आयोग के निर्देशों का अवलोकन किया जाए। ग्रामों, मुहल्लों, टोला, माजरा, पारा, वार्ड नई बस्ती एवं मतदाता खण्डों की पहचान करना जहां भय, धमकी की आशंका हो। ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना जो मतदान केन्द्र को संवेदनशील बनाते है, को सूचीबद्ध करना यहां अभिप्राय संख्या से नहीं नामों से है, तथा उनकी जानकारी निर्धारित प्रारूप में रिटर्निंग अधिकारी आरओ या जिला निर्वाचन अधिकारी को गोपनीय रूप से देना। मतदाताओं के स्वतंत्र मतदान हेतु पहुंच सुनिश्चित करना। असुरक्षित समूहों से संपर्क हेतु ऐसे समुदायों के व्यक्तियों के मोबाइल नंबर एकत्र करना

सामग्री वितरण दिवस एवं मतदान दलों की रवानगी

कलेक्टर ने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि मतदान दल, सभी सामग्री और सुरक्षा बल मतदान केन्द्रों में पहुंच गयी है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन परिचालन संबंधी समस्त शंकाओं को दूर कर लिया गया है, इसका ओके रिपोर्ट नियंत्रण कक्ष को देना, सुनिश्चित करना है।

मतदान दिवस की जिम्मेदारियां

उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश कुमार भारद्वाज ने सेक्टर

अधिकारियों को निर्वाचन कार्योंए बरती जाने वाली सावधानियों और जिम्मेदारियों को बताया। उन्होंने कहा कि मतदान प्रारंभ के पूर्व सभी प्रत्याशी या उनके प्रतिनिधि के सामने वोटिंग मशीन सही ढंग से संचालित हो रही है कि नहीं इसके लिए मॉक पोल सुनिश्चित करना, समस्या का हल ढूंढने तथा उपचारात्मक कार्यवाही, जिन मतदान केन्द्रों में मॉक पोल एजेंटों की अनुपस्थिति में करना पड़ा था, वहां बार-बार भ्रमण और ध्यान दिया जाना है। मतदान केन्द्रों में नियुक्त सुरक्षा बल अपना कार्य संभाल लिए हैए इस बात को सुनिश्चित करना। जहां आवश्यक हो इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन बदली जाए। वोटिंग मशीन के पार्ट बैलेट यूनिट बीयूद्ध, कंट्रोल यूनिट सीयू, और वीवीपैट सेक्टर आफि सर के पास अतिरिक्त रहता है। मतदान प्रतिनिधियों की उपस्थिति और अनुपस्थिति का पता लगाना और रिपोर्ट देना। मतदान केन्द्रों के भीतर मतदान दल को प्रक्रिया के संबंध में सहायता तथा मार्गदर्शन देना। मतदान प्रक्रिया की शुद्धता बनाए रखना। मॉक.पोल प्रमाण पत्र सुनिश्चित किया जाए। मॉक.पोल की स्थिति 30 के भीतर रिटर्निंग अधिकारी को रिर्पोट किया जाए। समय पर रिटर्निंग अधिकारी को मतदान प्रतिशत की जानकारी दी जाएजैसा निर्देश हो मतदान दिवस की शिकायत यदि कोई हो तो को निराकृत न होने की स्थिति में रिटर्निंग अधिकारी को त्वरित सूचित करें। ईव्हीएम सिलिंग की जांच की जाए। आरक्षित मतदान दल से आवश्यकतानुसार मतदान कर्मचारियों को बदली जाए।

मतदान कर्मचारियों के मानदेय का वितरण सुनिश्चित किया जाए। मतदान के अंत में सेक्टर अधिकारी सुनिश्चित करें कि.पीठासीन अधिकारी की डायरी सही भी हो, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन सही ढंग से सील की गई पोलिंग एजेन्टस् को 17 सी फ ार्मेट की प्रति दी गई होए 17, रजिस्टर सही ढंग से भरा हो, फ ार्मेट 15 पीठासीन अधिकारी की अतिरिक्त रिर्पोट जो कि केन्द्रीय पर्यवेक्षक को जमा किया जाना है, सही ढंग से भरा हो। मतदान के बाद मतदान पर निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट रिटर्निंग अधिकारी को सौंपी जाए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी भारद्वाज ने कहा कि सेक्टर अधिकारी के पास निम्न सुविधाएं होनी चाहिए. सेक्टर अधिकारी सुनिश्चित करेगा कि उसे प्रशिक्षण दिया गया है। विशेषकर ईव्हीएमए व्हीव्हीपैट के संबंध में, चुनाव प्रबंध, चुनाव प्रक्रिया,आचार संहिता और अन्य चुनाव के महत्वपूर्ण बिन्दुओं के बारे में, सेक्टर अधिकारियों के पास जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी पहचान पत्र हो वे यह भी सुनिश्चित करें कि वे भ्रमण के दौरान अपना पहचान पत्र प्रदर्शित करें। सेक्टर अधिकारियों के पास जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी पहचान पत्र हो वे यह भी सुनिश्चित करें कि वे भ्रमण के दौरान अपना पहचान प्रदर्शित करें। सेक्टर अधिकारियों के पास मतदान केन्द्रों की सूची होना चाहिए उनके अधीनस्थ मतदान केन्द्र के साथ ही प्रत्येक मतदान केन्द्र के मतदाताओं महिला.पुरूष की संख्या होनी चाहिए। संचार मोबाइल नेटवर्क, योजना सुनिश्चित हो। मतदान सामग्री जो सेक्टर अधिकारी को उपलब्ध होना है.प्रशिक्षण सामग्री जो पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी और बूथ लेबल अधिकारी बीएलओ, को दी जा रही है। सेक्टर का विस्तृत नक्शा, सेक्टर अधिकारी के क्षेत्र के अधिसूचित मतदान केन्द्रों की सूची। उसके सेक्टर के मतदाता सहायता केन्द्रों की विस्तृत जानकारी, रिजर्व ईव्हीएम के प्रदाय की जानकारी रखें। इसके साथ ही साथ सभी सेक्टर अधिकारीगण भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशों के परिपालन हेतु समय-समय पर सौंपे गए समस्त कार्यों का समय सीमा में संपादन सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर जिले के सभी सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।

सीएम केजरीवाल और मान का छत्तीसगढ़ दौरा- 16 सितंबर को जगदलपुर में बड़ी सभा

रायपुर. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 16 सितंबर को छत्तीसगढ़ दौरा पर रहेंगे। उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी आएंगे। वह बस्तर के जगदलपुर में बड़ी सभा को संबोधित करेंगे। केजरीवाल का तीन महीने में तीसरा दौरा है। दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब मुख्यमंत्री भगवंत मान का 3 महीने में यह तीसरा दौरा है। इससे पहले 2 जुलाई को बिलासपुर में आम आदमी पार्टी की बड़ी सभा हुई थी, जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए थे। केजरीवाल और मान के पहले मंगलवार को पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजीव झा छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंच चुके हैं। आप के जारी बयान के अनुसार संजीव झा ने घोषित विधानसभा चुनाव के 10

उम्मीदवारों के साथ बैठक की। साथ ही बैठक में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ अन्य महत्वपूर्ण राजनीतिक पहलुओं पर भी चर्चा हुई। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल या कहें ग्राउंड लेवल पर पार्टी द्वारा किए जा कार्यों की समीक्षा के साथ कार्यकर्ताओं को चुनावी विजयी मंत्र भी दिया। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारने वाली है, लेकिन पार्टी का फोकस बस्तर संभाग की सीटों पर ज्यादा है। आप के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी भी बस्तर क्षेत्र से आते हैं। ऐसे में अरविंद केजरीवाल का जगदलपुर दौरा अहम माना जा रहा है।

अमित शाह के घर पर देर रात तक चली बैठक- भाजपा की दूसरी सूची का होमवर्क पूरा

रायपुर. भाजपा के केंद्रीय चुनाव समिति की दूसरी बैठक बुधवार को शाम 5 बजे दिल्ली में केंद्रीय भाजपा कार्यालय में होना तय हुआ है। बैठक में शामिल होने के लिए परिवर्तन यात्रा के बीच मंगलवार को जगदलपुर से चुनाव प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव सहित दिग्गज नेता दिल्ली के लिए शाम 5ः45 बजे रवाना हो गए। वहीं संगठन महामंत्री पवन साय रायपुर से दिल्ली पहुंचे। इस दौरान परिवर्तन यात्रा की कमान पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह और नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के हाथों में सौंप दी गई है।

बता दें कि पहले समिति की बैठक मंगलवार को रात 10 बजे होना प्रस्तावित थी, लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दंतेवाड़ा नहीं आए। इस वजह से लौटते समय विशेष विमान

में होने वाली चर्चा टल गई। फिर तय हुआ कि चुनाव समिति की बैठक से पहले अमित शाह के साथ दूसरी सूची पर चर्चा की जाएगी।छत्तीसगढ़ से गए नेता मंगलवार शाम अमित शाह के घर पहुंचे। वहां देर रात तक दूसरी सूची पर मंथन चलता रहा। सूत्रों की मानें तो करीब 30 सीटों पर नाम फाइनल कर लिए गए है। इसमें से 10-15 नाम दूसरी सूची में आ सकते हैं। इसमें केशकाल से पूर्व आईएएस नीलकंठ टेकाम का नाम फाइनल बताया जा रहा है।

रायपुर सहित 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

रायपुर. छत्तीसगढ़ में मानसून पूरी तरह सक्रिय है। प्रदेश के ज्यादातर जगहों में बुधवार को भी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने रायगढ़, रायपुर, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, कांकेर, बीजापुर और नारायणपुर जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा बाकी जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। प्रदेश में 1 जून से 12 सितम्बर तक 848.6 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य से 18 फीसदी कम है। हांलाकि इस कमी को मौसम विभाग सामान्य बारिश की ही तरह ले रहा है। वहीं 13 जिले ऐसे हैं, जहां कम बारिश हुई है लेकिन अलर्ट के बाद ये कमी पूरी होने के आसार हैं।

मंगलवार को प्रदेश के ज्यादातर जिलों में बारिश हुई है। खासकर दक्षिण छत्तीसगढ़ यानी बस्तर संभाग में भारी बारिश हुई है।

कॉलेजों की मान्यता में सोने के बिस्किट की रिश्वत, प्रोफेसर व मालिकों को 3 साल कैद

रायपुर. निजी इंजीनियरिंग व पॉलिटेक्निक कॉलेजों को मान्यता देने के लिए रिश्वत लेने वाले एआईसीटीई के दो अधिकारी और तीन कॉलेजों के मालिकों को तीन साल कैद की सजा दी गई है। सीबीआई स्पेशल कोर्ट ममता पटेल ने दस साल पुराने केस की सुनवाई करते हुए मंगलवार को पांचों को सजा सुनाई। आरोपियों को सीबीआई ने रिश्वत के पैसों के साथ भिलाई के होटल में रंगेहाथ पकड़ा था।

सीनियर अधिवक्ता रजत श्रीवास्तव ने बताया कि मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी भोपाल के प्रोफेसर पुष्य मिश्रा उर्फ पीएम अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) एमपी-सीजी सेंट्रेल जोन के डायरेक्टर थे। इसी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर संजय सोनी एक्सपर्ट विजिटिंग कमेटी के सदस्य थे, जो पीएम मिश्रा के निर्देश में कालेज का निरीक्षण कर मान्यता देते थे। संजय टीम के साथ मई 2012 को रायपुर, दुर्ग, भिलाई के कॉलेज का निरीक्षण करने आए थे। संजय ने निरीक्षण करने के बाद 12 कॉलेज के मालिकों से मान्यता के लिए रिश्वत की मांग की। दुर्ग निवासी प्रवीण विश्वकर्मा, संजीव खुल्लर और सुशील चंद्राकर ने अन्य कॉलेज के मालिकों से पैसा वसूला और संजय को दिया। सीबीआई ने भिलाई के होटल में छापा मारा। संजय के पास से 12 सोने के बिस्किट और 11.71 लाख कैश जब्त किया। शिकायत के बाद सीबीआई ने संजय, प्रवीण, संजीव और सुशील को गिरफ्तार कर लिया गया। चारों से पूछताछ के बाद भोपाल में डायरेक्टर पीएम मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया गया।

शराब दुकान को बंद कराने किया प्रदर्शन

धरसींवा. भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के नेतृत्व में विधानसभा मंडल के मांढर स्थित देशी, अंग्रेजी शराब दुकान को बंद कराने के लिए ग्रामीण और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रर्दशन किया। बता दें कि रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित शराब दुकान को बंद करने की मांग सालों से की जा रही है, लेकिन आज तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। गांव वालों का कहना है कि इसी रास्ते से स्कूल व कॉलेज में जाने वाली बच्चियों तथा विभिन्न फैक्ट्री में कामकाजी महिलाओं के साथ छेड़खानी होती रहती है। इस शराब दुकान के कारण बहुत सी आपराधिक घटनाओं को असामाजिक तत्वों द्वारा अंजाम दिया

जिला केंद्रीय बैंक में 52 लाख की हेराफेरी

रायपुर. जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में 2017 से 2022 तक बैंक के एफडी इंटरेस्ट से 52 लाख की हेराफेरी करने वाले तीन कर्मचारियों के खिलाफ आखिरकार एफआईआर दर्ज करवा दी गई है। बैंक अध्यक्ष के निर्देश पर शाखा प्रबंधक (सीओडी) शरद चंद मांगने ने मौदहापारा थाने में चंद्रशेखर डग्गर, संजय कुमार शर्मा और अरुण कुमार बैसवाड़े के खिलाफ चारसौबीसी का मामला दर्ज करवा दिया है। तीनों बैंक में कनिष्ठ लिपिक, पूर्व सहायक लेखापाल और सहायक लेखापाल के पद पर काम कर रहे थे। जीई रोड पर स्थित बैंक के अफसरों को इस बात की जानकारी मिली की तीनों कर्मचारियों ने आपस में मिलकर बैंक के एफडी इंटरेस्ट खाते से रकम निकालकर अपने रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर कर दी है।रिटायर कर्मचारी के बार-बार बैंक आने की वजह से इस मामले का खुलासा हुआ था। बैंक अफसरों ने इसकी शिकायत बैंक अध्यक्ष पंकज शर्मा से भी की थी। उन्होंने बैंक की विजलेंस टीम को इसकी जांच का जिम्मा दिया। शुरुआती जांच में ही यह साबित हो गया कि तीनों कर्मचारियों ने बैंक खाते से 52 लाख रुपए निकाले हैं। लेकिन अभी इसकी जांच चल रही है।

यंग इंडियंस संगठन ने रेलवे स्टेशन का लांच किया ब्रेल नक्शा

रायपुर. यंग इंडियंस संगठन ने रायपुर रेलवे स्टेशन का ब्रेल नक्शा तैयार किया है। इसके जरिए दिव्यांग स्टेशन के गेट-2 पर पहुंचते ही इन साइन बोर्ड की मदद से किसी भी प्लेटफॉर्म पर जाकर अपनी ट्रेन पकड़ सकेंगे और आने वाले स्टेशन के बाहर आ सकेंगे। यंग इंडियंस संस्था के अध्यक्ष आलोक अग्रवाल ने बताया कि 254 स्थानों पर ब्रेल बुकलेट बॉक्स लगाए गए हैं। इससे दृष्टिबाधित नागरिकों को स्टेशन में आने-जाने और ट्रेन पकड़ने में आसानी होगी।

सीनियर आईएएस अफसर का फेसबुक अकाउंट हैक

रायपुर. छत्तीसगढ़ के गृह विभाग के प्रमुख सचिव और सीनियर आईएएस अफसर मनोज पिंगुआ का फेसबुक अकाउंट हैक हो गया है। ये बात उन्होंने खुद ही सोशल मीडिया में शेयर कर बताई है। राज्य के गृह विभाग के अफसर का अकाउंट हैक होने से बाद पूरे पुलिस अमले में हड़कंप मचा है।

इस मामले को लेकर रायपुर डीएसपी क्राइम दिनेश सिन्हा ने कहा कि सोशल मीडिया अकाउंट के हैकिंग की जानकारी सामने आई है। साइबर एक्सपर्ट की टीम इस मामले में कार्रवाई कर रही है। इसका जल्द ही सॉल्यूशन किया जाएगा। सीनियर आईएएस मनोज पिंगुवा को जब अपने अकाउंट हैक होने की जानकारी का पता चला। तो उन्होंने अपने सेंसटिव पद की गंभीरता को देखते हुए इस बात को सभी के साथ शेयर किया। उन्होंने व्हाट्सएप स्टेटस पर बताया कि उनका फेसबुक अकाउंट हैकर्स ने हैक कर लिया है। यदि उनके अकाउंट से किसी भी तरह का डाउटफुल मैसेज आए। तो कोई मैसेज का रिप्लाई न करें।

मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना से 1.46 लाख बच्चे लाभान्वित

रायपुर. गंभीर कुपोषित बच्चों को कुपोषण के चक्र से बाहर लाकर प्रदेश में कुपोषण की दर में कमी लाने के लिए मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत वर्ष 22-23 में लगभग 1 लाख 46 हजार बच्चों को लाभान्वित किया गया है।

योजना के तहत गंभीर कुपोषित एवं संकटग्रस्त बच्चों को चिकित्सकीय परीक्षण की सुविधा, चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवाएं तथा आवश्यकतानुसार बाल रोग विशेषज्ञों से परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। यह सुविधा प्रत्येक विकासखंड में माह में 2 दिवस संदर्भ दिवस के रूप में चिन्हांकित कर प्रदान की जाती है। चिकित्सकीय परीक्षण में बच्चों के संक्रमण की पहचान की जाती है। इसके अतिरिक्त योजना में निजी चिकित्सा परीक्षण संस्थान में अधिकतम 300 रूपये तक स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी गई है।

योजना के तहत एक हितग्राही को वर्ष भर में अधिकतम 500 रूपये तक की दवाएं तथा आवश्यकता होने पर चिकित्सा अधिकारी के परामर्श से इससे अधिक राशि की दवाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। निजी शिशु रोग विशेषज्ञ की सेवा पर सम्मान स्वरूप 1000 रूपये का मानदेय एवं 500 रुपये तक यात्रा व्यय देने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त कुपोषित बच्चों के परिवहन के लिए भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को राशि उपलब्ध कराई जाती है।

सूने मकान में चोरों का धावा

रायपुर. रायपुर के खुशालपुर इलाके में भाठागांव नेचुरल सिटी निवासी सीएसईबी कर्मी रेणु ठाकुर के सूने मकान में चोरों ने धावा बोल दिया। ताला तोड़कर शातिरों ने ज्वेलरी, टीवी और कंप्यूटर पार कर दिया। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का मामला है। जानकारी के मुताबिक सीएसईबी कर्मी रेणु ठाकुर अपनी बेटी से मिलने उसके सुसराल गई थी, जब अपने बेटे के साथ सोमवार की रात घर पहुंची, तो उसके होश उड़ गए। सीएसईबी कर्मी ने मामले की ?शिकायत पुरानी बस्ती पुलिस से की है। मामले की जांच जारी है।

थलपती विजय की लियो ने बनाया यूके में रिकार्ड

थलपती विजय साउथ सिनेमा का एक ऐसा नाम जिसे शायद किसी परिचय की जरूरत नहीं है.उनके फैंस को उनकी हर फिल्म का बेसब्री से इंतजार रहता है.उनकी एक झलक पाने के लिए उनके फैंस कभी कोई मौका नहीं छोड़ते. ऐसे में उनकी एक और फिल्म लियो रिलीज होने वाली है. इस फिल्म ने यूके में रिलीज से पहले ही तहलका मचा दिया है.

थलपती विजय के स्टारडम का पता इसी से लग जाता है कि उनकी फिल्म लियो ने यूके में रिलीज से 42 दिन पहले ही दस हजार टिकट बुक होने का रिकार्ड अपने नाम कर लिया है. फिल्म 19 अक्टूबर को रिलीज होनी है जिसका दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है।

बंबई मेरी जान में मेरे किरदार हबीबा के कई शेड्स हैं : कृतिका कामरा

एक्ट्रेस कृतिका कामरा अपनी अपकमिंग स्ट्रीमिंग सीरीज बंबई मेरी जान की रिलीज के लिए तैयार हैं। उन्होंने दारा कादरी के भाई-बहनों में सबसे छोटी और इकलौती बहन हबीबा के किरदार के बारे में खुलासा किया है।

एक्ट्रेस का हबीबा का किरदार शो में एक बेहतर कंट्रास्ट लाता है। वह एक साहसी और आत्मविश्वासी महिला है।

कृतिका ने कहा, हबीबा कई शेड्स वाली महिला है। वह अपने पिता की तरह जिद्दी है, दारा की तरह साहसी है और बेहद वफादार है। साथ ही भाई-बहनों में सबसे छोटी और अकेली महिला है। वह अपने भाई दारा को अपना आदर्श मानती है और उनके साथ एक स्पेशल बॉन्ड साझा करती है जो उसके निर्णयों और कार्यों को भी प्रभावित करता है।

एक्ट्रेस ने कहा, उनकी तरह ही वह भी सत्ता पाने की महत्वाकांक्षा रखती हैं। शुरू से ही आप देखते हैं कि वह अल्फ़ा है। जैसे-जैसे शो आगे बढ़ता है, हमें इसकी झलक मिलती है कि वह कैसे सोचती है और उसकी महत्वाकांक्षाएं क्या हैं, जिससे एक अभिनेता के रूप में यह मेरे लिए बेहद खुशी की बात है।

सीरीज में केके मेनन, अविनाश तिवारी, निवेदिता भट्टाचार्य और अमायरा दस्तूर भी शामिल हैं।

एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के रितेश सिधवानी, कासिम जगमगिया और फरहान अख्तर द्वारा निर्मित बंबई मेरी जान रेंसिल डीसिल्वा और शुजात सौदागर द्वारा बनाई गई है और सौदागर द्वारा निर्देशित है।

10-पार्ट वाली हिंदी सीरीज का प्रीमियर 14 सितंबर को कई भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं में प्राइम वीडियो पर होगा।

क्लासी लुक में मानुषी छिल्लर ने खींचा ध्यान, फ्लोर पर बैठ चलाया अदाओं का जादू

मानुषी छिल्लर का बॉलीवुड डेब्यू बेशक कुछ खास न रहा हो, लेकिन एक्ट्रेस ने अपनी अदाओं का जादू तो देशभर के लोगों पर चला ही दिया है. आज मानुषी के चाहने वाले उनकी एक झलक देखने के लिए बेताब रहते हैं.

एक्ट्रेस भी अपने फैंस के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हो गई हैं. ऐसे में अब फिर से मानुषी ने अपनी अदाएं दिखाते हुए इंटरनेट का पारा हाई कर दिया है.

मानुषी ने कुछ देर पहले ही अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं. इनमें एक्ट्रेस काफी क्लासी लुक में दिख रही हैं. मानुषी ने अपने इस लुक को सटल शाइनी बेस, ग्लॉसी लिप्स और न्यूड आई मेकअप से कंप्लीट किया है.

इसके साथ एक्ट्रेस ने अपने बालों को वेवी टच देकर ओपन रखा हुआ है. मानुषी ने अपने इस लुक को कैमरे के सामने फ्लॉन्ट करते हुए कई पोज दिए हैं.

अब मानुषी के चाहने वालों की नजरें उनकी इन अदाओं पर भी टिकी रह गई है. फैंस ने एक्ट्रेस की तारीफों के पुल बांधते हुए खूब कमेंट्स किए हैं. कुछ ही मिनटों में मानुषी की तस्वीरों पर हजारों लाइक्स आ चुके हैं, जो हर मिनट तेजी से बढ़ते ही जा रहे हैं.

दूसरी ओर मानुषी के वर्क फ्रंट की बात करें तो इस वक्त एक्ट्रेस के पास कई बड़ी फिल्में कतार में हैं. जल्द ही उन्हें द ग्रेट इंडियन फैमिली टाइटल से बन रही फिल्म में देखा जाएगा. इसके बाद मानुषी बड़े मियां छोटे मियां, तेहरान और पैन इंडिया फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन में भी नजर आने वाली हैं.

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, नया पोस्टर भी जारी

साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2-द रूल की रिलीज डेट आखिरकार सामने आ गई है. यह फिल्म 15 अगस्त, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी. हाल में मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट करते हुए एक ऑफिशियल पोस्टर जारी किया गया, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. देशभर के दर्शक आइकोनिक पुष्पा-द राइज के सीक्वल की रिलीज डेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. अल्लू अर्जुन ने हाल ही में 69वें नेशनल अवॉर्ड में पुष्पा के किरदार के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता है. उनके फैंस का उत्साह पुष्पा 2 की शूटिंग की झलकियों के साथ चरम पर है, जिसे अल्लू अर्जुन ने इंस्टाग्राम के सबसे

ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक हैंडल पर शेयर किया है. न सिर्फ दर्शक, बल्कि ट्रेड जगत भी पुष्पा 2 के पूरे भारत के सिनेमाघरों में आने वाले दर्शकों के इंतज़ार में है. पुष्पा- द राइज़ ने बॉक्स ऑफिस पर एक ऐतिहासिक लहर पैदा की थी और यह महामारी के बाद की टर्नअराउंड फिल्म थी जिसने दर्शकों को सिनेमाघरों में वापस लाया था. फिल्म ने अपने जबरदस्त डायलॉग्स, कहानी और दिल जीतने वाले गाने से पूरे देश में धूम मचा दी है.पुष्पराज का अल्लू अर्जुन द्वारा निभाया गया ।

चार दिनों में ही 500 करोड़ के क्लब में शामिल हुई जवान

बनी वीकेंड पर इतनी ज्यादा कमाई करने वाली पहली फिल्म

जवान को लेकर दर्शकों में जबरदस्त एक्साइटमेंट नजर आ रही है. हर कोई फिल्म की तारीफें कर रहा है और ऐसे में जवान बॉक्स ऑफिस पर हर रोज नए रिकॉर्ड बना रही है. जवान ने अपनी रिलीज के 4 दिनों के अंदर ही बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ डालें हैं. इसी कड़ी में अब शाहरुख खान की फिल्म 500 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है.

फैंस शाहरुख खान की फिल्म पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं. जवान ने जहां इंडिया में 4 दिनों में 286.16 करोड़ कमा डाले थे तो वहीं अब चार दिनों में ही फिल्म ने वर्ल्डवाइड 520.79 करोड़ का कलेक्शन कर डाला है. इसी के साथ जवान हिंदी सिनेमा में वीकेंड पर सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली फिल्म बन गई है.

राजवीर देओल और पालोमा की सादगी और आकर्षण ने दिल जीता

अवनीश बड़जात्या निर्देशित पहली फिल्म दोनों का ट्रेलर रिलीज होने के साथ ही इंटरनेट पर खूब प्यार बटोर रहा है। इस फिल्म से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाले राजवीर देओल और पलोमा को भी उनकी सादगी और आकर्षण के लिए काफी सराहना मिली।

खैर, नेटिज़न्स को ट्रेलर में देखी गई यह ताज़ा ऑन-स्क्रीन जोड़ी पसंद आ रही है। लोग अवनीश की तारीफ करते नहीं चूक रहे हैं उनका मानना है कि अवनीश ने राजश्री के फॅमिली ओरिएंटेड फिल्म की परम्परा को बरक़रार रखा है। हलाकि दोनों का ट्रेलर लांच किसी फॅमिली सेलिब्रेशन से काम नहीं था जहाँ पलोमा के साथ कुछ भावनात्मक क्षण आए, जबकि उनकी मां पूनम ढिल्लों को गर्व महसूस हुआ। जहां सनी देओल बहुत खुश लग रहे थे, वहीं राजवीर काफी अभिभूत थे, लेकिन कुल मिलाकर, मेघना और देव को प्रशंसकों ने मंजूरी दे दी है।

15 अगस्त को राजश्री प्रोडक्शन के 76 साल पुरे हो रहे हैं, और दोनों यह राजश्री की सेलिब्रेशन फिल्म है। देश का सबसे पुराना प्रोडक्शन हाउस अपनी विरासत को आगे बढ़ा रहा है क्योंकि अब राजश्री की चौथी पीढ़ी औउइसके कमान को संभालने के लिए पूरी तरह तैयार है। राजश्री प्रोडक्शंस (पी) लिमिटेड अपनी 59वी फिल्म जियो स्टूडियोज के सहयोग से प्रस्तुत कर रहे हैं दोनों जिसका निर्देशन अवनीश एस बड़जात्या ने किया हैं।

खेल

कोलंबो। भारत ने एशिया कप 2023 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने चौथे सुपर-4 मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन श्रीलंका को 41 रनों से हराया। श्रीलंका को लगातार 13 वनडे जीतने के बाद हार मिली। सबसे ज्यादा लगातार वनडे जीत के मामले में टीम दूसरे नंबर पर रही। 21 जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया पहले पर है। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम 49.1 ओवर में 213 रन पर ऑलआउट हो गई।

भारत एशिया कप के फाइनल में

लगातार 13 वनडे जीतने के बाद 41 रन से हारा श्रीलंका, कुलदीप ने झटके 4 विकेट

जवाब में श्रीलंकाई टीम 41.3 ओवर में 172 रन ही बना सकी। श्रीलंका से 20 साल के ऑलराउंडर दुनिथ वेल्लालागे ने 5 विकेट लिए। उन्होंने दूसरी पारी में 42 रन की नॉट आउट पारी भी खेली। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। सुपर-4 स्टेज में भारत के 4 पॉइंट्स हैं। अब 14 सितंबर को श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच होने वाला मुकाबला नॉकआउट की तरह होगा। दोनों ही टीमों के 2-2 पॉइंट्स हैं, इनमें से जो भी टीम जीतेगी वो 4 पॉइंट्स के साथ फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन जाएगी। बांग्लादेश भारत के खिलाफ आखिरी मैच जीतने पर भी 2 ही पॉइंट्स कर पाएगा, इसलिए वो बाहर हो चुका है।

मंगलवार को प्रेमदासा स्टेडियम स्पिनर्स पर मेहरबना रहा। मुकाबले में गिरे 20 में से 16 विकेट स्पिनर्स को मिले, जबकि चार पेसर्स के हिस्से आए।

टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और भारतीय ओपनर्स ने 80 रनों की पार्टनरशिप कर इस फैसले को सही साबित किया। मिडिल ऑर्डर पर ईशान किशन और केएल राहुल ने संघर्षपूर्ण पारियां खेलीं, लेकिन पिछले मुकाबले के टॉप स्कोरर विराट कोहली 3 रन ही बना सके। निचले क्रम में अक्षर पटेल ने अहम 26 रन बनाए।

इस पारी के दौरान मेजबान स्पिनर्स ने भारतीय बल्लेबाजों की अग्नि परीक्षा ली। वनडे इतिहास में पहली बार टीम के सभी विकेट स्पिनर के खिलाफ गिरे। ऐसे में वर्ल्ड कप से पहले टीम की एक कमजोरी भी सामने आ गई।

बॉलिंग-फील्डिंग डिपार्टमेंट में टीम का प्रदर्शन सराहनीय रहा। पेसर्स ने श्रीलंका के टॉप ऑर्डर को सस्ते में पवेलियन लौटाया। जडेजा और कुलदीप की जोड़ी ने मिडिल ऑर्डर की कमर तोड़ दी। दोनों ने अहम मौकों पर विकेट दिलाए

रोहित के 10 हजार वनडे रन पूरे

जडेजा एशिया कप में टॉप इंडियन बॉलर बने, भारत को स्पिनर्स ने ऑलआउट किया; 8 रिकॉर्ड्स

कोलंबो। भारत ने श्रीलंका को एशिया कप में 41 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली। टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने 53 रन बनाए, इसी के साथ उन्होंने वनडे क्रिकेट में 10 हजार रन भी पूरे कर लिए। एशिया कप में यह उनका 10वां फिफ्टी प्लस स्कोर रहा, उन्होंने इस मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा।

रवींद्र जडेजा ने श्रीलंका के खिलाफ 2 विकेट लिए। इसी के साथ उनके वनडे एशिया कप में 24 विकेट हो गए और वे टूर्नामेंट इतिहास में भारत के सबसे सफल गेंदबाज बन गए। उन्होंने लेफ्ट आर्म पेसर इरफान पठान का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 22 विकेट लिए हैं।

कुलदीप यादव इस रिकॉर्ड में तीसरे नंबर पर पहुंचे। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 4 विकेट लिए, अब उनके वनडे एशिया कप

में 19 विकेट हो गए हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 17 विकेट हैं।

श्रीलंका ने लगातार 14वें वनडे में विपक्षी टीम को ऑलआउट किया। श्रीलंका विपक्षी टीम को ऑलआउट करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम लेकर चल रहा है। दूसरे नंबर पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका ने 10-10 बार विपक्षी टीम को ऑलआउट किया है।

टीम इंडिया 213 रन बनाकर 49.1 ओवर में ऑलआउट हो गई। टीम ने वनडे इतिहास में पहली बार पूरे 10 विकेट स्पिनर्स के खिलाफ गंवाए। श्रीलंका के लेफ्ट आर्म स्पिनर दुनिथ वेल्लालागे ने 5 और ऑफ स्पिनर चरिथ असालंका ने 4 विकेट लिए। मिस्ट्री स्पिनर महीश तीक्षणा को एक विकेट मिला।

साउथ अफ्रीका ने तीसरा वनडे 111 रन से जीता

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मार्करम का नाबाद शतक; वार्नर की 78 रन की पारी बेकार गई

एडेन मार्करम के नाबाद शतक की बदौलत साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 111 रनों से हराया। इसके साथ ही साउथ अफ्रीका ने 5 वनडे मैचों की सीरीज में वापसी कर ली है।

पोटचेफस्ट्रूम में खेले गए तीसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीका ने 6 विकेट के नुकसान पर 338 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 34.3 ओवर में 227 रन पर ढेर हो गई।

वहीं कप्तान टेम्बा बावुमा और क्विंटन डी कॉक के बीच दक्षिण अफ्रीका के लिए 21 मैच में पहली शतकीय पार्टनरशिप की। दोनों ने टीम को अच्छी शुरुआत दी। साउथ अफ्रीका का पहला विकेट 146 रन पर गिरा। क्विंटन डी कॉक 22.5 ओवर में ट्रेविस हेड की गेंद

पर डेविड वार्नर को कैच देकर पवेलियन लौट गए। उन्होंने 77 गेंदों में 82 रन की पारी खेली।

डी कॉक के जाने के बाद टेम्बा बावुमा भी ज्यादा देर विकेट पर टिक नहीं सके और वे भी 150 के टीम स्कोर पर आउट होकर पवेलियन लौट गए। बावुमा ने 62 गेंदों में 57 रन की पारी खेली। वहीं मीडिल ऑर्डर में एडेन मार्करम ने नाबाद 102 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रेविस हेड ने 2 और तन्वीर सांघा, नाथन एलिस ने 1-1 विकेट लिए।

टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा रन डेविड वार्नर ने बनाए। उन्होंने 56 गेंदों पर 10 चौके और 3 छक्के की मदद से 78 रन की पारी खेली। ट्रेविस हेड ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरे टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 24 गेंदों पर 38 रन की पारी खेली। इसके अलावा कप्तान मिचेल मार्श ने 26 गेंदों पर 29 रन बनाए।

एक नजर

रोहित के कैच पर झूमे कोहली, गले भी लगाया

राहुल ने 2 बेहतरीन कैच पकड़े, ईशान ने डाइविंग कैच छोड़ा; भारत-श्रीलंका मैच मोमेंट्स

कोलंबो। भारत ने श्रीलंका को 41 रन से हराकर एशिया कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम इंडिया ने मंगलवार को 213 रन का स्कोर डिफेंड किया और श्रीलंका को 172 रन पर समेट दिया। मैच में रोहित शर्मा ने छक्का लगाकर अपने 10 हजार वनडे रन पूरे किए। स्लिप में बेहतरीन कैच लेने पर विराट कोहली ने रोहित को गले लगाया। विकेटकीपर केएल राहुल ने 2 बेहतरीन कैच पकड़े, वहीं ईशान किशन ने डाइविंग कैच भी टपकाया। रोहित शर्मा ने श्रीलंका ने खिलाफ 48 गेंद पर 53 रन बनाए। उन्होंने 22वां रन बनाते ही अपने वनडे करियर में 10 हजार रन पूरे कर लिए। रोहित ने कसुन रजिथा की बॉल पर छक्का लगाकर इस माइलस्टोन को पार किया। 7वें ओवर की 5वीं बॉल रजिथा ने फुलर लेंथ फेंकी। रोहित ने इस पर सामने छक्का लगा दिया।

2. बैट छूटने के बाद भी मोहम्मद सिराज ने रन पूरा किया

भारतीय पारी में मोहम्मद सिराज ने हाथ से बैट छूट जाने के बाद भी करीबी रन पूरा किया। उन्हें महीश तीक्षणा ने 46वें ओवर की आखिरी बॉल शॉर्ट पिच फेंकी। अक्षर पटेल एक्स्ट्रा कवर पर शॉट लगाते ही रन लेने के लिए दौड़ पड़े। इस दौरान नॉन-स्ट्राइकर एंड पर खड़े सिराज के हाथ से बैट छूट गया। बैट छूटने के बावजूद सिराज ने करीबी रन पूरा किया।

राहुल बोले- रिकवरी के दौरान अपनी विकेटकीपिंग पर काम किया

मुझे अपनी तैयारी पर भरोसा था; विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कुलदीप की तारीफ की

श्रीलंका के खिलाफ मैच के बाद टीम इंडिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा, जब मैं रिकवरी के दौरान नेशनल क्रिकेट एकेडमी में था, तो मुझे थोड़ा समय मिला और मैंने अपनी विकेटकीपिंग पर काम किया। मैं पिछले दो मैचों में अपने प्रदर्शन से खुश हूं। शुरू में मैं थोड़ा नर्वस था लेकिन कुछ गेंदों का सामना करने के बाद मैं नॉर्मल महसूस करने लगा था। केएल राहुल ने चार महीने बाद चोट से वापसी करते हुए पहला वनडे पाकिस्तान के खिलाफ खेला। उन्होंने पाक के खिलाफ नाबाद 111 रन की पारी खेली।

ओपी चौधरी बन गए हैं आम जनता के उम्मीदवार

वर्चस्व टूटता देखकर बौखला उठा भाजपा का अभिजात्य वर्ग, दुष्प्रचार में जुटा धनवान ताक़तों का इको सिस्टम

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़ ।

सन 1952 से अब तक के 71 वर्षों में भारतीय चुनावी राजनीति निरंतर बदली है । आरंभिक दौर में पूरी राजनैतिक प्रक्रिया में धनिक - अभिजात्य वर्ग का जो एकक्षत्र अधिपत्य था, वह राजनैतिक बदलाव के मध्य- चरण तक आते-आते टूटने लगा क्योंकि पिछड़ी जातियों के उदीयमान समूहों ने सरकार में अपनी हिस्सेदारी की मांग शुरू कर दी थी । पहले-पहल तो अभिजात्य वर्ग ने पिछड़ी जातियों के इन समूहों से गठजोड़ करके चुनावी समर्थन के बदले इन्हें अपने से कनिष्ठ पदों पर आसीन किया तथा कुछ आर्थिक फायदे देकर इन्हें संतुष्ट किया । बाद में निरंतर बढ़ते हुए दबावों के कारण राजनैतिक दलों को इन उदीयमान जातीय समूहों को राजनैतिक प्रतिनिधित्व देने के लिए बाध्य होना पड़ा ।

अब राजनीति में यद्यपि उदीयमान जातीय समूहों को स्थान देकर राजनीतिक दल बहु-जातीय गठजोड़ तो अवश्य करने लगे हैं तथापि सत्ता पर परोक्ष नियंत्रण धनवान शक्तियों का ही है । जब-जब भी धनिक वर्चस्व वादी अभिजात्य वर्ग को अपना राजनीतिक नियंत्रण कमजोर पड़ता हुआ दिखाई देता है तब-तब वे अपना कब्जा कायम रखने के लिए सचेत कूटनीतिक अभियान चलाने लगते हैं । इन षड्यंत्रकारी अभियानों में उदीयमान पिछड़ी जातियों को एक-दूसरे के सामने खड़ा करके उनमे फूट डालना , वैकल्पिक नेताओं को लेकर काल्पनिक भय पैदा करना , भ्रम फैलाना , मनगढंत कहानियां गढ़कर प्रतिस्पर्धी नेताओं की छवि धूमिल करना आदि हथकंडे अपनाये जाते हैं । इसके साथ ही *अमीर-उमराओं का यह ताक़तवर तबका अपने अकूत धन-संसाधनों का इस्तेमाल करके थिंक टैंक्स व मीडिया संगठनों का एक बड़ा नेटवर्क और सधा हुआ % इको- सिस्टम% खड़ा कर लेता है ।* फिर ये लोग इस इको सिस्टम के जरिये आक्रामक प्रचार के द्वारा आम-जनता के विचारों को नियंत्रित करके राजनीतिक चर्चा को अपने इच्छा के अनुरूप आकार देते हैं । इस प्रयास में ये चालाक लोग तरह-तरह के भ्रामक विश्लेषण , गैर जरूरी मुद्दे व कल्पित कथाओं की श्रृंखला खड़ी करते हैं । *इस शातिराना प्रक्रिया को %सहमति- असहमति% निर्माण की इंजीनियरिंग कहा जाता है । रायगढ़ विधानसभा की हालिया राजनीति में हम इसी कुटिल तरीके को चरितार्थ होता हुआ देख रहे हैं । रायगढ़ विधानसभा का इतिहास देखें तो केवल एक निरंजन लाल शर्मा के अपवाद को छोड़कर सन 1962 से लेकर 2008 तक इस विधानसभा का नेतृत्व प्रतिष्ठित अग्रवाल समुदाय के लोगों ने ही किया है । इस लंबी पारी के कारण स्वाभाविक रूप से रायगढ़ सीट पर इनका एक पक्षीय अधिकार तय मान लिया गया था । वर्ष 2008 में रायगढ़ विधान सभा का नया परिसीमन हुआ और सरिया का एक बड़ा हिस्सा इसमें जुड़ने से नए राजनैतिक समीकरण बने तथा डॉ शत्रुजीत नायक ने तात्कालीन विधायक विजय अग्रवाल को पराजित करके इस मिथक को तोड़ दिया । इसके बाद वर्ष 2018 के चुनाव में प्रकाश नायक की जीत ने अग्रवाल सीट के दावे वाली कहानी पर पूरी तरह विराम लगा दिया ।

आसन्न विधानसभा चुनाव में मौजूदा विधायक प्रकाश नायक की टिकट लगभग तय मानी जा रही है वहीं भाजपा से यूथ आइकॉन व पूर्व आई ए एस ओ पी चौधरी की टिकट भी परोक्ष रूप से घोषित मानी जा रही है । इस नए बदलाव ने परंपरागत रूप से इस सीट पर काबिज रहने वाली धनवान ताक़तों को बेचैन कर दिया है और इनका इको- सिस्टम भ्रम फैलाने में पूरी तेजी से सक्रिय हो गया है । चूंकि टिकट हेतु इस तबके की सारी उम्मीदें भाजपा पर ही केंद्रित थी , इसीलिए इनका नेटवर्क (इको- सिस्टम) भाजपा के संभावित उम्मीदवार ओ पी चौधरी पर बुरी तरह से हमलावर है । उन पर तरह-तरह के कोणों से जुमले उछाले जा रहे हैं । इधर राजनैतिक प्रेक्षकों का मत है कि ओ पी चौधरी आम-जनता के उम्मीदवार बन चुके हैं अत: उन पर हो रहे तमाम बे-बुनियाद हमले भोथरे साबित हो रहे हैं । यह भी आकलन है कि ओपी के खिलाफ पूंजीवादी ताक़तों की लामबंदी की प्रतिक्रिया में समाज के शेष तबकों व सर्वहारा वर्ग का ध्रुवीकरण तेज़ी से ओपी के पक्ष में हो सकता है । कुल मिलाकर 2023 का चुनाव रायगढ़ विधान सभा की राजनैतिक दिशा व दशा को बदलने वाला चुनाव सिद्ध होने जा रहा है । फिलहाल यह देखना दिलचस्प होगा कि अंतत: ऊंट किस करवट बैठता है ।

एक नजर

दुबलधनिया परिवार द्वारा श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 17 से

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

सक्ती की पावन धरा पर पितृ मोक्षार्थ, गया श्राद्ध अंतर्गत संगीत में श्री भागवत कथा का आयोजन आगामी 17 सितंबर से 23 सितंबर तक शुभम ग्रींस, हटरी चौक सक्ती में किया जाएगा। दुबलधनिया सिंघल परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा में आचार्य अतुल कृष्ण भारद्वाज भागवत कथाचार्य होंगे। 17 सितंबर को राम जानकी मंदिर सक्ती से कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसी दिन गणेश पूजन,श्री भागवत कथा महत्तम में एवं गोकर्ण व्याख्यान होगा। 18 सितम्बर को भीष्म स्तुति, परीक्षित जन्म, सुकदेव परीक्षित संवाद, 19 को कपिल देव मनी संवाद, ध्रुव चरित्र, शिव सती प्रसंग, 20 को नरसिंह अवतार, वामनावतार, रामावतार तथा कृष्ण जन्मोत्सव होगा। 21 को बाल लीला, गिरिराज पूजन, छप्पन भोग, 22 को कंस वध, गोपी गीत एवं रुक्मणी विवाह, 23 को सुदामा प्रसंग, परीक्षित मोक्ष एवं व्यास पूजन होगा। आयोजक परिवार ने अधिक से अधिक संख्या में नगरवासियों से शामिल होने की अपील है। आयोजक परिवार के मांगेराम अग्रवाल ने बताया की अगले माह गयाजी से वापसी के बाद 17 अक्टूबर को हटरी धर्मशाला में भंडारा का आयोजन किया जायेगा।

कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार के ताबूत में अंतिम कील होगी भाजपा की परिवर्तन यात्रा

* तैयारी को अंतिम रूप देने प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा ने ली बैठक

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

भारतीय जनता पार्टी ने परिवर्तन यात्रा की तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा,झंडी दिखा कर,यात्रा को रवाना करेगें। शहर के रणजीता स्टेडियम में,नड्डा,विशाल आमसभा को संबोधित भी करेगें। यात्रा को भव्य रूप देने के लिए भाजपा संगठन के पदाधिकारियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रदेश संगठन महामंत्री विजय शर्मा ने बुधवार को,जिला कार्यालय राधाकांत भवन में जिला संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर,तैयारी की समीक्षा की। इस दौरान उन्होनें पदाधिकारियों से खुड़िया रानी,बालाजी मंदिर और रणजीता स्टेडियम में की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही कार्यक्रम में जुटने वाली भीड़ के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की। इस बीच,राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के जशपुर प्रवास के लिए प्रोटोकाल भी जारी हो चुका है। तय कार्यक्रम के अनुसार,नड्डा महाराष्ट्र के पुणे से नियमित उड़ान से झारखंड की राजधानी रायपुर पहुंचेगें और यहां से हेलीकाप्टर से दोपहर पौने 12 बजे जशपुर के पुलिस लाइन स्थित हेलीपेड पहुंचेगे। तय कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 12 बजकर 25 मिनट में भगवान बालाजी का दर्शन करने के बादएवे परिवर्तन यात्रा को झंडी दिखा कर,रवाना करेगे। यहां से रणजीता स्टेडियम के पास दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा में माल्यार्पण करने के बाद,स्टेडियम में आयोजित आमसभा को संबोधित करेगें। विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहित लागू होने से ठीक पहले आयोजित हो रहे इस आमसभा के लिए हजारों की भीड़ जुटाने के लिए पार्टी संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता,इन दिनों शहर से लेकर गांव तक पसीना बहा रहें हैं। उल्लेखनिय है कि परिवर्तन यात्रा,जशपुर से रवाना हो कर कुनकुरी,पत्थलगांव विधानसभा होते हुए अंबिकापुर प्रवेश करेगी। भाजपा के जिलाध्यक्ष सुनिल गुप्ता ने बताया कि छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के नेतृत्व में निकलने वाली परिवर्तन यात्रा 12 दिनों में सरगुजा और बिलासपुर संभाग के 14 जिलों के 39 विधानसभा तक पहुंचने के लिए 12 सौ 61 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इस बीच,39 आमसभा और 53 स्वागत सभाओं का आयोजन किया जाएगा। पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने बताया कि भाजपा की यह परिवर्तन यात्रा वर्ष 2003 में निकली ऐतेहासिक परिवर्तन यात्रा की तरह,कांग्रेस सरकार के ताबूत का अंतिम कील साबित होगा। उन्होनें बताया कि इस पूरे यात्रा के दौरान,भाजपा,कांग्रेस की भूपेश सरकार द्वारा किये गए घोटाले,वायदा खिलाफी,प्रदेश में बढ़ रहे अपराध का ग्राफ आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार के मुद्दे को उठाएगी। उन्होनें बताया कि बस्तर के दंतेवाड़ा से रवाना हुई और जशपुर से रवान होने वाली परिवर्तन यात्रा का बिलासपुर में समागम होगा। यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन के साथ ही इसका समापन होगा। भाजपा के पूर्व केन्द्रीय मंत्री व राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य विष्णुदेव साय,पूर्व सांसद रणविजय सिंह जूदेव, लोकसभा सांसद गोमती साय, प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव,पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, पूर्व मंत्री गणेश राम भगत, जिलाध्यक्ष सुनिल गुप्ता,जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनि भगत सहित पार्टी के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने जशपुरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में आमसभा में शामिल हो कर,कांग्रेस के आतातायी सरकार के खिलाफ होने वाले शंखनाद का साक्षी बनने का आह्वान किया है।

आदर्श आचरण संहिता के प्रभावी होने से पूर्व सभी अपूर्ण कार्यों को पूरा करें

* समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने स्कूलों में नियमितता परखने अधिकारियों को दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़-बिलाईगढ़।

समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी ने आज विभिन्न योजनाओं एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भेंट मुलाकात व अन्य कार्यक्रमों में की गई घोषणाओं को इस माह के अंत तक हरहाल में पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अगले माह अक्टूबर में विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर आदर्श आचरण संहिता प्रभावी हो जाएगी। जिसके पहले सभी अपूर्ण एवं अधूरे कार्यों को इसी माह में पूरा करें। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन तिथियों की अधिसूचना जारी करने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावी हो जाएगी और इस अवधि में सिर्फ निर्वाचन से संबंधित कार्य ही निष्पादित किए जाएंगे। कलेक्टर ने विस्तार से बताया कि इस दौरान किसी भी प्रकार के कार्य की स्वीकृति, बजट आबंटन, निर्माण कार्यों का भूमिपूजन, लोकार्पण सहित निर्वाचन से इतर किसी भी प्रकार का काम निष्पादित नहीं किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर ने जिले के हाई स्कूल और हायर सेकण्डरी स्कूलों में कक्षा नवमीं से 12वीं तक अध्ययनरत बच्चों में शिक्षा स्तर की परख करने के लिए अधिकारियों को मॉनीटरिंग करने, यह भी सुनिश्चित करने की समय पर कक्षाएं लगाई जा रही हैं या नहीं, नियमित रूप से आंतरिक मूल्यांकन किया जा रहा अथवा नहीं, आदि की रैण्डम परीक्षण करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही योग्य एवं प्रतिभाशाली छात्रों को चिन्हांकित कर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के काबिल बनाने आवश्यक मार्गदर्शन देने के लिए भी कहा। इसके अलावा बैठक में छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के तहत संभाग स्तरीय आयोजन हेतु प्रतिभागियों को लाने, ले जाने की व्यवस्था करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। इसी तरह उन्होंने मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, बेरोजगारी भत्ता योजना, गोधन न्याय योजना, महतारी जतन योजना, रीपा योजना, लावारिस पशुओं की टैगिंग करने सहित राजस्व विभाग के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए इस माह के अंत तक सभी का निराकरण गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निराला ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और हर गांव में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की उपलब्धता के लिए आज से शुरू हो रही आयुष्मान भव: अभियान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु छूटे हुए सभी हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रदान किया जायेगा। साथ ही समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा एवं आगामी 02 अक्टूबर को ग्राम व वार्डसभा आयोजित कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। ज्ञातव्य है कि आयुष्मान भव: कार्यक्रम का राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा आज किया गया। इस अवसर पर एडीएम निष्ठा पाण्डेय, एसडीएम द्वय मोनिका वर्मा, डॉ. स्निग्धा तिवारी, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

लैलूंगा पुलिस को बैंक में सेंधमारी कर चोरी का प्रयास करने वाले आरोपियों को पकड़ने में मिली सफलता

* एफआईआर के महज कुछ घंटों में दो आरोपी चढ़े लैलूंगा पुलिस के हत्थे, आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

जोहार छत्तीसगढ़- लैलूंगा।

लैलूंगा पुलिस ने स्टेट बैंक ऑफइंडिया की लैलूंगा शाखा में बीते 11 सितंबर की रात्रि सेंधमारी कर चोरी का प्रयास करने वाले अज्ञात आरोपियों को अपराध कायम के 8 घंटे के भीतर पहचान कर आरोपियों के ठिकानों में दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार कर रिमांड बाद जेल भेजा गया है। घटना को लेकर कल दिनांक 12 सितंबर 2023 को भारतीय स्टेट बैंक शाखा लैलूंगा के शाखा प्रबंधक मनोज कुमार गढतिया थाना आकर लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 सितंबर 2023 को हर रोज की भांति शाम 5:30 बजे तक बैंकिंग कार्य बाद वे घर चले गये। बैंक में गार्ड कार्यरत गार्ड रात्रि करीब 11:30 बजे मोबाइल से सूचना दिया कि बैंक के पीछे दीवाल में कुछ तोड़-फोड़ करने की आवाज आई है । सूचना पाकर बैंक आये और गार्ड के साथ बैंक के पीछे दीवार जाकर देखे तो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बैंक में चोरी करने की नियत से सेंधमार कर छेद बना रहे थे जो इनकी आवाज से भाग गये । थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा उच्च अधिकारियों को अज्ञात आरोपियों के बैंक सेंधमारी के प्रयास की जानकारी दी गई। एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा बैंक में घटित घटना को गंभीरता से लेकर तत्काल अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के लिये टीम बनाकर दबिश दिये जाने हेतु लैलूंगा प्रभारी को निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा टीम तैयार कर एडिशनल एसपी संजय महादेवा व एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर सक्रिय किये गये मुखबिरों से जानकारी लेकर छापेमारी शुरू किया गया । इसी दरम्यान दो संदिग्ध व्यक्तियों के लैलूंगा,पत्थलगांव रोड पर देखे जाने की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम उन्हें हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिनसे 11 सितंबर की रात्रि दोनों को बैंक के पास देखे जाने के संबंध में हिकमत अमली से पूछताछ करने पर बैंक में सेंधमारी कर चोरी का असफल वारदात की बात बताये । आरोपियों ने अपने मेमोरेंडम कथन में अपना नाम,1,उसत दास महंत पिता गुलाब दास महंत उम्र 22 वर्ष निवासी सारस्माल थाना लैलूंगा जिला रायगढ़,2 शिव शंकर सारथी पिता विजय कुमार सारथी उम्र 21 वर्ष निवासी शासकोवा चौकी रैरूमा थाना धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ का होना बताएं जो अपने एक अन्य साथी निवासी फ ोकटपारा लैलूंगा के साथ मिलकर योजना बनाकर बैंक के पीछे दीवाल को लोहे के सब्बल से सेंधमार कर चोरी करने हेतु प्रवेश करने के लिए छेद करना बताये। आरोपियों ने यह भी बताया कि वे 11 से 12 बजे का समय वारदात को अंजाम देने के लिये सुनिश्चित किये थेए इन्हें जानकारी थी कि लैलूंगा पुलिस प्रतिदिन रात्रि गस्त में समय-समय पर बैंक को चेक करती है।

प्रेस क्लब लैलूंगा का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह तथा विराट कवि सम्मेलन का सफल आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़- लैलूंगा।

लैलूंगा की पावन धरा पर पत्रकारों द्वारा इतना बड़ा कार्यक्रम पहले कभी आयोजित नहीं किया गया था। वहीं आपको विस्तार से बता दें कि प्रेस क्लब लैलूंगा द्वारा आयोजित सुवा नृत्य एवं नव गठित प्रेस क्लब लैलूंगा के सभी पदाधिकारीगण तथा सदस्यों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में पूर्व विधायक हृदयराम राठिया, पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव सुनीति राठिया, अध्यक्ष नगर पंचायत लैलूंगा मंजु मित्तल, जिला पंचायत सदस्य यशोमती सिंह सिदार, जिला पंचायत सदस्य कुमार देवेन्द्र प्रताप सिंह, रायगढ़ लोक सभा के सांसद गोमती साय जो कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने वाली थी। जो कि अपरिहार्य कारणों से वे उपस्थित नहीं हो सकी, इसलिए उनके प्रतिनिधी के रूप में उनके पतिदेव निरंजन साय द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया। अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लैलूंगा ठण्डाराम बेहरा, अध्यक्ष जनपद पंचायत लैलूंगा किरण पैंकरा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कपिल सिंघानिया, पूर्व जनपद अध्यक्ष शांता साय, चेम्बर ऑफकामर्स के अध्यक्ष मनीष मित्तल, पार्षद सरिता पटेल, पार्षद बाबूलाल बंजारे, जनपद सदस्य रीना भगत, शांता भगत, लोकेश्वरी सिदार पूर्व अध्यक्ष सरपंच लैलूंगा मनमोहन सिंह, अध्यक्ष सरपंच संघ तमनार जानकी राठिया सहित बहुत संख्या में पत्रकार साथियों कि गरिमामी वातावरण में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत कर मंच में बैठाया गया। स्वागत के बाद लैलूंगा प्रेस क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं मचासीन अतिथियों सहित आए हुए सभी लोगों ने विश्व की सबसे बड़ी कानून भारतीय संविधान की उद्देशिका का वचन कर शपथ लिया। जिसके बाद लैलूंगा प्रेस क्लब अध्यक्ष अशोक भगत एवं पदाधिकारियों ने मंच में विराजमान अतिथियों को विश्व की सर्वोच्च तथा महान ग्रंथ भारत की संविधान को भेंट कर लोगों का दिल जीत लिया।

जिसके मंचासीन अतिथियों का उद्बोधन हुआ जिसमें पूर्व विधायक सुनीति राठिया ने नव गठित प्रेस क्लब अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों को बधाई दी साथ ही ग्रामीण अंचल के पत्रकारों द्वारा सामाज में छुपी अच्छाई तथा बुराई को समाज के सामने का भरसक प्रयास किया जाता है। जिसे लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ के रूप में जाना जाता है। जिसके बाद अपने उद्बोधन में पूर्व विधायक हृदय राम राठिया द्वारा पत्रकारों के कलम की ताकत के बारे में प्रकाश डाला गया। वहीं भारत सम्मान के संपादक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा लैलूंगा क्षेत्र के सभी पार्टियों के जनप्रतिनिधियों को एक मंच पर देखकर क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों के बारे में प्रकाश डाला गया। और उन्होनें पहली बार अशोक भगत जैसे आदिवासी परिवार के व्यक्ति को प्रेस क्लब के अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिसके बाद लैलूंगा प्रेस क्लब के अध्यक्ष अशोक कुमार भगत ने लैलूंगा क्षेत्र के पत्रकारों के लिए एक छत यानी प्रेस क्लब भवन के लिए मांग रखा गया था। जिस पर सांसद के प्रतिनिधि के रुप में पधारे निरंजन साय ने सांसद के दूरभाषित संदेश को सबके सामने रखे तथा बताया गया कि रायगढ़ लोकसभा की सांसद गोमती साय ने लैलूंगा प्रेस क्लब हेतु भवन की व्यवस्था के लिए 15 लाख रूपये की घोषणा की हैं। जिसके लिए लैलूंगा के सभी पत्रकारों कि ओर से प्रेस क्लब लैलूंगा के पूर्व अध्यक्ष द्वय वर्तमान संरक्षक उमेश अग्रवाल द्वारा आभार व्यक्त किया गया । मंचीय कार्यकम के बाद आगंतुक पदाधिकारियों एवं दर्शकों के लिए प्रेस क्लब द्वारा स्वरूची भोज की व्यवस्था की गई थी। जिसके तुरंत बाद विराट कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां लोगों ने काव्यपाट का भरपूर आनंद लिये और हंस-हंस कर लोट पोट हो गये। सभी के प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हो सका उसके लिए प्रेस क्लब लैलूंगा आपका जीवन भर आभारी रहेगा ।

हरदीबाजार में पशु प्रजनन शिविर एवं जागरूकता कार्यशाला का किया गया आयोजन

शिविर में कामधेनु विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों द्वारा पशुपालकों को पशु प्रजनन के प्रति जागरुकता लाने हेतु किया प्रेरित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा, दुर्ग एवं पशुधन विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वाधान में आकांक्षी जिला कोरबा के विकासखण्ड पाली के हरदीबाजार में विगत दिवस पशु प्रजनन शिविर एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कटघोरा पुरुषोत्तम कंवर एवं प्रेमचंद पटेल सभापति पशुधन स्थायी समिति जिला पंचायत कोरबा उपस्थित थे। पशुधन जागृति अभियान के अंतर्गत आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मत्स्य पालनए पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय कृषि भवन नई दिल्ली द्वारा उक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ एमएस परमार सहायक प्राध्यापक दाऊ श्री

वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय द्वारा कार्यक्रम की रुपरेखा एवं शिविर के ध्येय के सबंध में उपस्थित पशुपालकों को जानकारी दी गई एवं पशु प्रजनन प्रबंधन के प्रति जागरुकता लाने हेतु प्रेरित किया गया। जागरूकता कार्यशाला में विशेषज्ञों डॉ एसपी सिंह डॉ डी के सिंहदेव डॉ. एचके सोनी, डॉ सोहन गुर्जर, डॉ सतीश राठौर, डॉ उलेष तंवर द्वारा पशुओं में बांझपन की समस्या से बचने के उपायों एवं उपचार, पशुओं में गर्मने के लक्षण, कृत्रिम गर्भाधान के समय की पहचान, पशु प्रजनन प्रबंधन सहित अन्य जानकारी पशुपालकों को दी गई। शिविर में 115 पशुओं का विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क उपचार किया गया। कार्यशाला में पशुपालकों के जिज्ञासाओं का समाधान हेतु विशेषज्ञों के साथ प्रश्नोतरी का भी आयोजन किया गया, जिसमें पशुपालकों द्वारा अपने पशु संबंधी अनेक समस्याओं का विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किया गया। इस संबंध में पॉम्पलेट एवं अन्य पुस्तिका सभी किसानों को उपलब्ध भी कराए गए। साथ ही पशुपालकों को इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स द्वारा उपलब्ध कराई गई औषधियॉ, मिनरल मिक्सचर, कृमिनाशक तथा अन्य दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। उक्त जागरूकता कार्यशाला में लगभग 255 पशुपालक लाभान्वित हुए। उल्लेखनीय है कि पशुधन जागृति अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ के 10 आकांक्षी जिलों में पशुप्रजनन शिविरों एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय द्वारा पशुधन विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से किया जाएगा। शिविर में दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ एमएस परमार, पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉ अमित कुमार गुप्ता, डॉ दिलीप पैकरा एवं उपसंचालक पशुचिकित्सा सेवाएं डॉ एसपी सिंह, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के सदस्य रमेश अहीर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित थे।

एसटीए एससी व ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन 22 सितंबर से होगी प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

वर्ष 2023-24 अंतर्गत अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक कक्षा 12वीं से उच्चतर छात्रवृत्ति हेतु आवेदन प्रक्रिया 22 सितंबर 2023 से प्रारंभ होगी। इसके अंतर्गत जिले में संचालित शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई एवं डाईट आदि में अध्ययनरत् विद्यार्थी 20 अक्टूबर 2023 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य एवं संस्था प्रमुखों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों के पंजीयनए स्वीकृति एवं वितरण कार्यवाही वेबसाइट पर करने के लिए सूचित किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा ने बताया कि 20 अक्टूबर 2023 तक विद्यार्थियों से नवीन तथा नवीनीकरण के ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। 25 अक्टूबर 2023 तक ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक किया जाएगा। साथ ही 30 अक्टूबर 2023 तक सेंक्शन ऑर्डर लॉक करने की तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2023.24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किए जाएंगे। साथ ही ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक एवं सेंक्शन ऑर्डन लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जाएगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे। छात्रवृत्ति का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थियों को ऑनलाइन आवेदन करते समय आधार सीडेड बैंक खाता नंबर की प्रवृष्टि भी सुनिश्चित करना होगा।

राशनकार्डधारी हितग्राहियों का ई-केवाईसी शत-प्रतिशत पूर्ण करने समय सीमा में की गई वृद्धि

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

भारत सरकार के निर्देश पर वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना के तहत राशनकार्डधारी हितग्राहियों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण करने हेतु समय सीमा में वृद्धि करते हुए 30 सितंबर 2023 अंतिम तिथि निर्धारित किया है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि वन नेशनए वन राशन कार्ड योजना के पूर्ण क्रियान्वयन के लिए राशनकार्ड के सभी सदस्यों के आधार की जानकारी प्रमाणीकृत होना आवश्यक है। जिले में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों को प्रदान किए गए ई-पॉस उपकरण में ई-केवाईसी की सुविधा उपलब्ध है। जहां ई-पॉस उपकरण के माध्यम से हितग्राहियों का ई-केवाईसी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी की कार्यवाही पूर्णतः निःशुल्क है। ई-केवाईसी की कार्यवाई के लिए राशनकार्डधारी मुखिया एवं राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्य अपने आधार नंबर के साथ शासकीय उचित मूल्य दुकान जाकर अपना ई-केवाईसी करा सकते हैं।

रायगढ़ अंचल वासियों को 1 बजे कोड़ातराई चलने का निवेदन - सुनील रामदास

* आप और हम चलते हैं मोदी को सुनने- सुनील रामदास

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़ छत्तीसगढ़।

रायगढ़ की जनता के लिए शुभ समाचार है! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रायगढ़ अंचल में विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। उनकी इस विशेष यात्रा पर विभिन्न विकास परियोजनाओं का आधारशिला रखने का अवसर भी होगा। 14 सितंबर को कोड़ातराई एयरपोर्ट में विशाल आमसभा के लिए सभी तरह की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। सभा के लिए रायगढ़ ही नहीं, पूरे छत्तीसगढ़ से हजारों की संख्या में लोग शामिल होने के लिए आ रहे हैं। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सुनील रामदास ने सभी नगर वासियों और क्षेत्र



की जनता को इस महत्वपूर्ण अवसर पर शामिल होने की अपील की है। स्थानीय व्यापारी संगठन ने भी अपनी पूर्ण सहयोगिता देकर सभा में शामिल होंगे। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सुनील रामदास ने बताया कि शहर के सभी समाजसेवी संस्थाओं,धार्मिक और व्यापारिक संगठनों को आमसभा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया जा रहा है। उन्होंने रायगढ़ नगर वासियों और क्षेत्र की जनता से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आमसभा रायगढ़ में उमंग और उत्साह की नई लहर, प्रधानमंत्री मोदी की आमसभा में जुटेंगे हजारों

आम जनता से 12 बजे तक सभा स्थल पहुंचने के लिए कहा गया है। जिले के प्रमुख व्यापारी संगठन ने अपने सदस्यों को प्रधानमंत्री की आम सभा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया है। और इस दौरान उनके व्यापारिक गतिविधियां अस्थायी रूप से स्थगित होंगी।

शत-प्रतिशत बच्चों के विकास हेतु वजन त्यौहार की अवधि में की गई वृद्धि

* अब जिले में 25 सितंबर तक मनाया जाएगा वजन त्यौहार

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिले में 06 वर्ष से कम आयु के बच्चों में पोषण स्तर के आंकलन हेतु समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। शत-प्रतिशत बच्चों की वृद्धि निगरानी को दृष्टिगत रखते हुए वजन त्यौहार की अवधि को 25 सितंबर 2023 तक के लिए बढ़ाई गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने वजन त्यौहार के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार 1 सितंबर से 13 सितंबर तक वजन त्यौहार आयोजित किया जाना था। जिसकी समय सीमा में वृद्धि करते हुए अब 25 सितंबर 2023 तक बढ़ाई गई है। इसका उद्देश्य जन.जन को कुपोषण के प्रति जागरूक करनाए बच्चों का डेटाबेस तैयार करनाए कुपोषण कम करने हेतु कार्ययोजना बनाना तथा लक्षित बच्चों को चिन्हांकित करना है। बच्चों के वजन तथा ऊंचाई मापन का कार्य आंगनबाड़ी केन्द्र स्तरीय दल द्वारा किया जाएगा। इस दल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, वार्ड पंच, पार्षद स्थानीय प्राथमिक शाला का एक शिक्षक निकटस्थ आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता सहयोगी के रूप में कार्य करेंगे। दल गठन संबंधी आदेश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के अनुमोदन से जारी किया जाएगा तथा अंतर्विभागीय समन्वय हेतु अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक विकासखण्ड स्तर पर आयोजित किया जाएगा ताकि वजन त्यौहार कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके।

एक नजर

आंगनबाड़ी सहायिका पद की अंतिम मूल्यांकन सूची जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र खर्राघाट वार्ड क्रमांक 21 में आंगनबाड़ी सहायिका के लिए आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत अनंतिम सूची जारी की गई है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 22 सितम्बर 2023 तक दावा-आपत्ति आवेदन सीधे परियोजना कार्यालय में जमा कर सकते है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नही किया जाएगा।

जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला 15 सितम्बर को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

निःशुल्क जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन 15 सितम्बर 2023 को शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, पंजरी प्लांट रायगढ़ में किया जाएगा। जिसमें आयुर्वेद एवं होम्योपैथी एवं योग चिकित्सा द्वारा निःशुल्क उपचार कर औषधिक वितरण किया जाएगा।

300 लीटर अवैध शराब के साथ 3 आरोपी हुए गिरफ्तार

* तमनार पुलिस और आबकारी विभाग घरघोड़ा की संयुक्त कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा और पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा अन्तर्राज्यीय सीमा पर चेक पोस्टों में लगातार औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये है जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजय महादेवा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना तमनार स्टाफ द्वारा कार्यवाही जारी है। थाना प्रभारी तमनार आर्शीवाद रहटगांवकर को अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट उड़ीसा, हमीरपुर में आबकारी विभाग घरघोड़ा के उप निरीक्षक रमेश सिंह सिदार व स्टाफ से चेकिंग के दौरान सूचना मिली की मुख्य मार्ग में चेकिंग होने की सूचना पाकर कुछ शराब तस्कर ग्राम भगोरा की ओर से अवैध शराब ले जा रहे है जिस पर पुलिस स्टाफ तथा आबकारी स्टाफ द्वारा भगोरा मार्ग की घेराबंदी की गई जहां 3 व्यक्ति अपने मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 13 डब्लू 2305 में शराब परिवहन करते मिले जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ कर पूछताछ करने पर अवैध कच्ची महुआ 100 लीटर को बिक्री करने हेतु परिवहन करना बताये पहले से ही उनके एक साथी को स्टाफ द्वारा पकड़ा गया जिनके पास 200 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब रखी थी जो बारी-बारी लेकर आये थे तीनों आरोपी के कब्जे से जुमला 300 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं मो.सा.जुमला मशरूका 90 हजार रूपये को जप्त किया गया है। पुलिस थाना तमनार द्वारा अपराध सबुत पाये जाने पर आरोपी हर्ष मिश्रा अलाउद्दीनपुर थाना दीदारगंज जिला आजमगढ़ उ.प्र. वेद मिश्रा अलाउद्दीनपुर थाना दीदारगंज जिला आजमगढ़ उ.प्र.रूपेश सिंह चौहान इंदिरानगर तमनार थाना तमनार जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाड पर भेजा गया है। शराब रेड कार्यवाही में निरीक्षक आर्शीवाद रहटगांवकर थाना प्रभारी तमनार, प्र.आर.606 देव प्रसाद राठिया, आर.पुरुषोत्तम सिदार, आर.सनत कुमार व आबकारी उपनिरीक्षक रमेश सिंह सिदार,प्र.आर.नेलसन लबेट, आरक्षक राजेश्वर ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

भाजपा प्रत्याशी जान मारने की धमकी दे रहा : देवकुमार साहू

रायपुर। नवा रायपुर विकास प्राधिकरण की आधिपत्य थी भूमि को सरपंच ग्राम पंचायत बेन्द्री तहसील अभनपुर एवं भाजपा प्रत्याशी इन्द्रकुमार साहू द्वारा जनपद पंचायत अभनपुर द्वारा फर्जी अनुबंध पत्र लाखों करोड़ों की भूमि का घोटाला किया है। इस संबंध कलेक्टर जन चौपाल रायपुर में आवेदक गजेन्द्र कुमार साहू द्वारा आपत्ति व्यक्त करते हुए जांच के लिए ज्ञापन सौंपा गया था। उक्त मामले में नवा रायपुर विकासप्राधिकरण द्वारा अभिमत लिया गया है, जिसमें उक्त भूमि एनआरडीए की है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजि पत्रकारवार्ता में देवकुमार साहू बेन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर द्वारा दी गई है। साहू ने पत्रकारवार्ता में बताया कि उक्त मामले को एनआरडीए की नियमावली के तहत केवल 10 वर्ष तक अनुबंध करने से पूर्व कलेक्टर की अनुमति आवश्यक है। 11 सितम्बर 2023 ग्राम पंचायत बेन्द्री में कलेक्टर द्वारा सहायक मत्स्य जांच अधिकारी जेपी साहू को मामले की जांच के लिए निर्देशित किया गया था।

भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ मंगलवार 12 सितंबर को प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने बस्तर की आराध्य देवी मांई दंतेश्वरी देवी के आदिशक्ति पीठ दंतेवाड़ा में हरी झंडी दिखा कर कर दिया है परिवर्तन यात्रा को लेकर भाजपा में भारी उत्साह का माहौल है।

यात्रा को लेकर तमाम तैयारियां जोरशोर से हर जगह देखने को मिल रही है इसी कड़ी में 19 तारीख को यात्रा बेमेतरा जिला पहुंच जाएगी जहां उमरिया में स्वागत व नवागढ़ में सभा के बाद बेमेतरा स्कूल मैदान में सभा होगा रात्रि विश्राम के बाद 20 सितम्बर सुबह प्रेस कांपरेस के बाद बेमेतरा से यात्रा देवरबीजा पहुंचेगी। जहां स्वागत फिर कोदवा वहां भी स्वागत होना है परिवर्तन यात्रा को सफ ल बनाने के लिए बेरला व भिभौरी मंडल की संयुक्त बैठक महाराणा प्रताप भवन में

संपन्न हुआ। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश मंत्री पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, पूर्व प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा, जिला पंचायत सभापति पुष्पा साह,राहुल टिकरिहा मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल,यशवंत वर्मा उपस्थित थे। अवधेश सिंह चन्देल ने कहा कि दंतेवाड़ा से परिवर्तन यात्रा निकल चुकी है जनता ये कांग्रेस के सरकार को बदलने को तैयार है यात्रा से पूरे भाजपा में उत्साह है। राजेन्द्र शर्मा ने कहा भाजपा अब चुनावी मोड है पूरे कार्यकर्ता तैयार है हम सब मिलकर इस यात्रा को सफल बनाना है और सभी सहयोग से भाजपा का सरकार बनना तय है। इस अवसर पर मंडल पदाधिकारी शक्ति केन्द्र के प्रभारी संयोजक सहसंयोजक वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

ग्राम पंचायतों में लंबित निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये- विश्वदीप

* प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के पात्र-अपात्र हितग्राहियों की सूची ग्राम सभा में करें प्रस्तावित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विश्वदीप ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभागार में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय आजीविका मिशन 15वें वित्त आदि कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन योजनाओं के तहत लंबित निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से

शीघ्र पूर्ण कराये। सीईओ ने ईई आरईएस, एसडीओ, सब इंजीनियर तकनीकी सहायक को निर्देश दिए कि सभी तकनीकी अमला प्रतिदिन पंचायतों का भ्रमण करके कार्यों निरीक्षणए मूल्यांकन करें और निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में 13 सितंबर स 15 सितंबर तक आयोजित हो रही विशेष ग्रामसभा में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के पात्र-अपात्र हितग्राहियों की सूची प्रस्तावित करने के निर्देश दिए हैं। विश्वदीप ने मनरेगा अभिसरण के तहत जिले में निर्माण किए जा रहे आंगनबाड़ी भवनों, वर्मी टांका, नाडेप को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्य पूर्ण होने पर ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित करके, पूर्णता प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से जमा कराने की बात कही। सीईओ ने एसडीओ, सब इंजीनीयर आरईएस, सीईओ जनपद पंचायत कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायकों, करारोपण अधिकारी, विकास विस्तार अधिकारी आदि तकनीकी अमले को निर्देशित किया कि जिले के अधूरे प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास जिन्हें पहली, दूसरी या तीसरी किश्त प्राप्त चुके हैं, ऐसे अधूरे आवासों को अभियान चला कर सर्वोच्च प्राथमिकता से आवासों के निर्माण कार्य पूर्ण कराएं। इसके लिए मैदानी अमला सतत् फिल्ड में रहे तथा ग्रामीण हितग्राहियों को आवास पूर्ण करने के लिए प्रेरित करें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने मनरेगा के तहत सृजित मानव दिवसए समयबद्ध मजदूरी भुगतान, आधार बेस्ड भुगतान, नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम, रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन, पूर्ण कार्यों की जियोटैगिंग, आधार सीडिंग, कचरा पृथककरण शेड निर्माण, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण आदि कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कार्यों में प्रगति लाएं तथा शीघ्र ही निर्माण कार्यों को पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों का मूल्यांकन समय पर सुनिश्चित किया जाए। बैठक में ईई आरईएस, सहायक परियोजना अधिकारी एएसडीओ, सब इंजीनियर आरईएस, कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रदेशभर के शिक्षक आचार संहिता को लेकर हुये चिंचित

मंत्री विधायक अधिकारियों से गुहार के बाद भी नहीं बढ़ी प्रक्रिया

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

छत्तीसगढ़ राज्य व्याख्याता पदोन्नति समिति के प्रदेश संचालक मुकुन्द उपाध्याय, उपाध्यक्ष रामविस्वास सोनवानी, जयप्रकाश झा,प्रदेशमीडिया प्रभारी बुधपाल शिन्दे,कोषाध्यक्ष हरनारायण साहू,सादिक अंसारी,महेंद्र राजवाड़े,अजय श्रीवास्तव,अस्वनी प्रधान,जितेंद्र साहू,बिरस यादव,अवधेश वर्मा,रामचरण साहू ने सामूहिक रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि हमारे समिति द्वारा शिक्षक से व्याख्याता पदोन्नति जल्द करने हेतु, लगातार लगभग 2 माह से दिन रात पदोन्नति हेतु कार्य कर रहे है। इसी तारतम्य में उनके द्वारा मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री,खाद्यमंत्री,विधानसभा उपाध्यक्ष, मोहन मरकाम व दर्जनों विधायक, संसदीय सचिवों को व्याख्याता पदोन्नति हेतु मिलकर ज्ञापनपत्र दिया जा चुका है। वहीं अनेकों बार हमारे कोर कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा डीपीआई के संचालक, उपसंचालक से लगातार भेटकर, मैसेज द्वारा, फोन द्वारा जल्द पदोन्नति हेतु निवेदन करते आ रहे हैं । फिर भी आज दिनांक पर्यन्त पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी आना तो दूर शिक्षक एल बी संवर्गो की अंतिम वरिष्ठता सूची तक जारी नहीं हो पाई है। जिससे प्रदेशभर के शिक्षक चिंचित व दु:खी हैं। इसलिये प्रांतीय संचालक मुकुन्द उपाध्याय की अध्यक्षता में आवश्यक कोर कमेटी की वर्चुअल बैठक करते हुये निर्णय लिया गया है की गुरुवार को पुन: डीपीआई जाकर उच्च अधिकारियों से पदोन्नति जल्द करने हेतु ज्ञापनपत्र देंगे एवम अधिकारियों से दो टूक पूछेंगे आखिर इन दो माह में सूची जारी क्यों नही हो सकी और क्या पदोन्नति की जायेगी की आचार संहिता की भेट चढ़ जायेगी। डीपीआई के अधिकारियों से सकारात्मक जवाब न मिलने पर समिति पदाधिकारीगण शिक्षामंत्री,मुख्यसचिव से भी भेंटकर जल्द पदोन्नति करने हेतु निवेदन करेंगे।

एक नजर

जिला भाजपाध्यक्ष उमेश ने की मोदी जी की सभा में शामिल होने की अपील की

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़।

जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने आज कोड़ा तराई में मोदी की सभा में शामिल होने की अपील करते हुए कहा अपने जीवन के पल पल को भारत के लिए समर्पित करने वाले सम्मानीय प्रधान मंत्री मोदी आप सभी के बीच होंगे। देश की विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाले मोदी ने राजनीति में सुचिता के नए मापदंड तय किए जो आने वाले दिनो में मिल के पत्थर साबित होंगे। मोदी की सभा में आम जनता शामिल होकर अपना आशीर्वाद प्रदान करे। रायगढ़ वासियों का भाजपा को दिया गया एक एक वोट राष्ट्र संपन्नता के यज्ञ की एक आहुति है। जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने कहा उनके आगमन के मद्देनजर सभा स्थल को दुल्हन की भांति सजाया गया है।

स्वास्थ्य विभाग में दावा आपत्ति निराकरण उपरांत अंतिम प्रवीणय सूची कौशल/लिखित परीक्षा हेतु आमंत्रित अभ्यार्थीयों की सूची जारी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रम में रिक्त संविदा पदों पर भर्ती किये जाने हेतु 1 मई 2023 को विज्ञापन प्रकाशित कर आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। दावा आपत्ति हेतु सूची का प्रकाशन 26 अगस्त 2023 को किया जाकर 01 सिंतबर 2023 को दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया था प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण कर सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। जिसकी विस्तृत जानकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल एवं जिले के अधिकृत वेबसाईट पर अवलोकन कर सकते है। दावा आपत्ति निराकरण उपरांत अंतिम प्रवीणय सूची कौशल/ लिखित परीक्षा हेतु आमंत्रित अभ्यार्थीयों की सूची अन्य जानकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बेमेतरा के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाइट पर प्रकाशित की जावेगी।

धूमधाम से मनाया जाएगा राणी सती दादी का भादवा अमावस्या उत्सव

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।

धर्म नगरी खरसिया के छपरी गंज स्थित झुंझनु वाली दादी राणी सती मंदिर में दादी का भादवा अमावस्या बड़ी धुमधाम से राणी सती सेवा समिति द्वारा 14 एवं 15 सितंबर दो दिन मनाया जावेगा। राणी सती सेवा समिति के अमोल अग्रवाल ,भुरू, ने बताया कि दादी भक्तों के लिए भादवा अमावस्या के अवसर पर दो दिवसीय उत्सव दादी सती मंदिर में मनाने की तैयारी जोरो से चल रही है। 14 सितंबर गुरुवार को रतजगा एवं 15 सितंबर शुक्रवार को चुंदड़ी चूड़ा सिंगार सुबह 10 बजे, आरती पूजन सुबह 11 बजे इसके पश्चात भंडारे का प्रसाद दोपहर 12:30 बजे से प्रारम्भ होगा उसके बाद मंगलपाठ का आयोजन होगा जो कि दोपहर 3 प्रारंभ होगा रायपुर छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध मंगल पाठ गायिका गंगा अग्रवाल आएगी। दादी के मंगल पाठ में भक्तों के लिए बैठने की व्यवस्था समिति द्वारा विशेष की गई है जिसमे आप सभी भक्त सादर आमंत्रित है। दादी राणी सती जी के मंदिर को रंग बिरंगी विद्युत झालरो से सजाया गया है। झुंझनु वाली राणी सती धर्मादा ट्रस्ट व राणी सती सेवा समिति के सभी लोग कार्यक्रम को भव्यता देने में दिन रात लगे हुए है।

चैम्बर के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास ने रायगढ़, सरायपाली मार्ग को पूरा कराने की मांग की

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास ने रायगढ़ के पावन धरती पर देश के प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि रायगढ़ से सरायपाली मार्ग, जो कि 86.6 किलोमीटर का है। यह मार्ग अधूरा बना हुआ है, जिसके कारण रायगढ़ के आम जन सहित व्यापार जगत को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह मार्ग रायगढ़ से चिकित्सा और शिक्षा सहित कई महत्त्वपूर्ण कार्यों के लिए बहुत उपयोगी है, जो कि रायगढ़ को रायपुर से जोड़ता है। यह सर्व विदित है कि सड़क संबंधी अधोसंरचना व्यापार के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण होती है। क्योंकि सड़के अच्छी होती हैं, तो वस्तु पर परिवहन खर्च कम आता है और परिवहन खर्च कम आने से समान आम व्यक्ति को कम दाम में मिल पाता है, जिससे व्यापार का आकार भी बढ़ता है। क्योंकि जब रायपुर के दर पर किसी वस्तु की उपलब्धता रायगढ़ में हो जाती है, तो रायगढ़ का व्यक्ति रायगढ़ से उस वस्तु को खरीदना चाहता है। इस दृष्टि से महत्त्वपूर्ण होने के साथ.साथ शिक्षा और चिकित्सा के लिए भी यह सड़क महत्त्वपूर्ण है। इसलिए प्रधानमंत्री जसे हम आशा करते हैं कि रायगढ़ को यह सौगात दें। इसके लिए हम रायगढ़वासी आपके आभारी होंगे।

अंबुजा सीमेंट संयंत्र में बड़ा हादसा टला,सायलो कन्वेयर बेल्ट टुटा, बाल-बाल बचे मजदूर

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

अंबुजा सीमेंट संयंत्र रवान में बड़ा हादसा हुआ है। जहां सायलो क्लिंकर कन्वेयर बेल्ट टुटकर गिर गया है। फिलहाल कितने मजदुर हताहत हुए हैं इसकी जानकारी स्पष्ट रूप से सामने नहीं आई है। प्रबंधन मामले को दबाने की पूरी कोशिश कर रहा है। वहीं जब घटना के बाद मीडिया फुटेज बनाने की कोशिश कर रहे थे तो सिक्योरिटी गार्ड ने हुज्जतबाजी किया। घटना को लेकर जब प्रबंधक से बातचीत की गई तो सिक्योरिटी के सहायक मैनेजर प्रेम वर्मा सामने आये और कहा कि हादसा हुआ है। घटना के समय मजदूर लंच में गए हुए थे इसलिए एक बड़ा हादसा टला गया है। सायलो कन्वेयर बेल्ट लगभग 10 वर्ष पुराना था और इसपर क्लिकर का लाना लेजाना होता था। बीच-बीच में सुधार हुआ भी है पर आज यह हादसा हो गया है। घटना कही न कहीं सीमेंट संयंत्र के रखरखाव पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है कि जिस तरह घटना हुई है यह तत्काल की नहीं है वरन काफी पुराना था। जिस पर कंपनी द्वारा ध्यान नहीं दिया गया जिसकी वजह से हादसा हो गया। इसके पूर्व भी कंपनी में हादसे हो चुके हैं पर प्रशासन की कुंभकरण निद्रा और मिली भगत से लगातार हादसे पर हादसे हो रहा है। अब देखना यह है कि इस घटना के बाद जिला प्रशासन क्या कार्यवाही करता है। खबर अभी बाकी है वह अगले अंक में प्रकाशित की जाएगी।

हिंदी दिवस पर प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि रहेंगे रेणू जोगी, विधायक कोटा व अध्यक्षता करेंगे घनश्याम रात्रे

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

14 सितंबर 2023 हिंदी दिवस के अवसर पर महामाया भागवत मंच में होने वाले सम्मान समारोह जिसमें रतनपुर के सभी स्कूलों से चुनिंदा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी बेहतर प्रतिभागियों को प्रेस क्लब की ओर से इनाम व प्रशस्ति पत्र भी दी जाएगी। एवं नगर के सभी क्षेत्रों में बेहतर काम करने वाले जैसे शिक्षा के क्षेत्र में स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापार के क्षेत्र में सामाजिक क्षेत्रों मेंएव खेल जगत के साथ.साथ किसानी के क्षेत्र में और भी अन्य क्षेत्रों से नगर को गौरवान्वित करने वालों को नगर का गौरव सम्मान रतनपुर प्रेस क्लब के द्वारा दिया जाएगा प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष सोनी,सचिव वासित अली एवं संरक्षकगण संजय सोनी, जुगनू तंबोली, फि रोज खान, जितेंद्र साहू, रवि ठाकुर,उपाध्यक्ष उमाशंकर साहू,कोषाध्यक्ष ताहिर अली,सह सचिव राजू यादव,कान्हा तिवारी,गुरु देव सोनी,विजय दानीकर,पवन मिरी,परमेश्वर दास, सुधाकर तंबोली,हरीश मांडवा,इत्यादि सभी सदस्य कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए।

जिला कलेक्टर द्वारा जिले में अवैध रूप से उत्खनन परिवहन करते हुए पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

जिले में अवैध खनन उत्खनन व परिवहन पर कड़े मापदंडों के तहत कार्यवाही की जाएगी। शासन के निर्देशानुसार अब कोई खनिज परिवहन करने वाला वाहन निरंतर उक्त कार्रवाई में संलग्न रहता है और दूसरी बार भी पकड़ा जाता है तो उसके विरुद्ध खान और खनिज विकास और विनीयमन, अधिनियम 1957 की धारा 21,1, के तहत प्रकरण सिविल न्यायालय में दर्ज किए जाएंगे। इसके तहत 5 वर्ष तक का कारावास या पांच लाख तक का जुर्माना किया जा सकेगा। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई किए जाने हेतू निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के परिपालन में सक्ती जिला अंतर्गत सात वाहन अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाए जाने पर जप्त किया जाकर चार वाहन थाना डभरा, दो वाहन थाना हसौद एवं एक वाहन थाना मालखरौदा के सुपुर्द किया गया है। खनि अधिकारी सक्ती ने जिले के खनिज से संबंधित व्यवसाय एवं ट्रांसपोर्टरों से अपील की है कि अवैध उत्खनन या अवैध खनिज परिवहन ना करें और न करने दें। इस संदर्भ में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना द्वारा समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार,पुलिस एवं परिवहन विभाग, पर्यावरण विभाग को भी अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध निरंतर जांच करने और कार्यवाही करने के सक्त निर्देश दिए गए हैं।

अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमलोगों की समस्याएं

* जनदर्शन में कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार आज अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूर दराज के गांवों से आये विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए है। जनदर्शन में जैजैपुर तहसील निवासी दिव्यांग सतीश कुमार कश्यप ने ग्राम पंचायत जमडी जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत सामुदायिक भवन निर्माण का पुन: नवीनीकरण करवाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत जमड़ी में सामुदायिक भवन का निर्माण 201-12 में हुआ था। भवन के छत पर पानी की जमावड़ा होने के मच्छर पनपनाता रहता है और बरसात के मौसम में पानी टपकता रहता है। अंदर बाहर के भवन एवं खिड़की पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। उक्त सामुदायिक भवन की मरम्मत जल्द से जल्द कराने के संबंध में आज जनदर्शन पहुंचे। जिस पर अपर कलेक्टर ने नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसी प्रकार जैजैपुर तहसील के ग्राम दर्राभाठा निवासी धूमदास चंद्रा ने जमीन बंटवारे को लेकर मानसिक प्रताड़ना एवं धमकी देने के संबंध में पहुंचे हुए थे। तहसील नया बाराद्वार के ग्राम बेल्हाडीह निवासी पंडित राम साहू ने आम के झाड़ को कटवाने की अनुमति लेने के संबंध में आज जनदर्शन पहुंचे। सक्ती तहसील के ग्राम जगदल्ली निवासी महादेवा राम चौहान ने भूमि स्वामी पट्टा एवं राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे, बाराद्वार तहसील के ग्राम जर्वे निवासी नरेश कुमार सोनवानी ने बेरोजगारी भत्ता के सम्बंध में, जैजैपुर तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम बर्रा निवासी फिरतीन बाई ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पुन: दिलाने के संबन्ध में, सक्ती तहसील के ग्राम हरदी निवासी श्रवण लाल पिता स्व. लाला राम ने किसान पेंशन नहीं मिलने के संबंध में, सक्ती तहसील के ग्राम पोरथा निवासी संतोषी यादव ने विधवा पेंशन के संबंध सहित अन्य विभिन्न ग्रामीणों द्वारा राजस्व, आर्थिक सहायता, रोजगार प्रदाय, पेंशन भुगतान, मजदूरी भुगतान, मुआवजा, भूमि विवाद, राशन कार्ड, नामांतरण, बटवारा सहित अन्य आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे। जिस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित विभागो को सभी प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि शासन के मंशानुरूप आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टर के निर्देशन में कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन प्रत्येक बुधवार को आयोजित किया जा रहा है।

बहु प्रतीक्षित घरघोड़ा रेलवे जंक्शन से पैसेंजर ट्रेन चलने की क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे क्षेत्र की आम जनता के सपनों को साकार

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

पिछले कई वर्षों से घरघोड़ा एसईसीएल बरौद एवं एनटीपीसी तलाईपाली की कोयला खदानों से लाखों टन कोयला भारतीय रेलवे द्वारा परिवहन किया जा रहा है जिसका एक तरफ ा लाभ भारत सरकार को हो रहा है

आपको बता दें कि घरघोड़ा जंक्शन के रूप में विकसित किया जा चुका है एवं मुंबई हावड़ा रूट से एक लाइन कट के रॉबर्टसन से रेलवे लाइन घरघोड़ा होते हुए धर्मजयगढ़ और घरघोड़ा से तमनार होते हुए फिर से मुंबई हावड़ा रूट से जुड़ चुकी है किंतु घरघोड़ा धर्मजयगढ़ तमनार क्षेत्र के लोग यात्री रेलवे की सुविधा से वंचित हैं वहीं 14 तारीख को देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन रायगढ़ में हो रहा है घरघोड़ा धर्मजयगढ़ तमनार क्षेत्र की जनता आस लगाए बैठी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घरघोड़ा जंक्शन से बिलासपुर होते हुए रायपुर के लिए यात्री रेल पैसेंजर के रूप में घोषणा कर प्रारंभ करेंगे ऐसी उम्मीदें लगाए है तथा क्षेत्र की जनता को मोदी जी उपर पूर्ण विश्वास हैं। 13 तारीख को दोपहर में दिल्ली से रेलवे विभाग के डीआरएम एवं रेलवे बोर्ड के मेंबर अपनी टीम के साथ घरघोड़ा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण भी किया परंतु यह स्पष्ट नहीं हुआ कि पैसेंजर ट्रेन चलेगी कि नहीं चलेगी देखना अब यह है कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घरघोड़ा धर्मजयगढ़ तमनार क्षेत्र की जनता की उम्मीदों पर मुहर लगाते हैं और इस क्षेत्र की जनता के इस सुनहरे सपनों को मोदी साकार करेंगे या फिर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र फिर से छला जाएगा और रोजाना लाखो टन कोयला निकलने के बाद भी क्षेत्र की आम जनता यात्री रेल सुविधा से वंचित रहेंगे और घरघोड़ा जंक्शन केवल नाम का ही जंक्शन रह जाएगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in